दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरूवार 29 दिसंबर 2022, शुक्ल पक्ष शष्ठी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-8 अंक-249 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

शरीर की उलझन तो समझ जाते हो,
पर मन की उलझन का क्या?
कभी-कभी मानसिक स्वास्थ्य विकार के लक्षण शारीरिक समस्याओं के रूप में प्रकट होते हैं, जैसे पेट दर्द, पीठ दर्द, सिरदर्द, या गैस बनाना।
अपने मानसिक समस्याओं को पहचाने, और अपने मनोचिकित्सक से जरूर परामर्श ले
डॉ. सुचिता गोयल - मनोरोग विशेषज्ञ
एम. बी. बी. एस., डी. एन. बी.(मंबई), एम.एन.ए.एम.एस.
उदासी महसूस करना
कानों में अलग सी आवाजें आना
घबराहट, बेचैनी, दिल की धड़कन तेज होना
एक ही कार्य को बार बार करना
आत्महत्या के विचार आना
अत्यधिक गुस्सा करना
नींद में कमी होना
बार बार बेहोश होना
बेवजह दूसरों पर शक व वहम करना
शराब, तम्बाकू व अन्य नशीले प्दार्थ का सेवन करना
हेलो माइंड
मेन्टल हेल्थ केयर क्लिनिक
शॉप न. 11, महाराजा प्लाजा, नया धमतरी रोड, लालपुर, रायपुर (छ.ग.)
सुबह 11:00 से शाम 7:00 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
संपर्क करें :- 88272 94202

आज बेबाक

दूसरों के लिए गढ्ढा खोदने वाला चीन खुद कुएं में गिर चुका है। अब वह हम तो डूबेंगे सनम तुमको भी ले डूबेंगे वाली उक्ति चरितार्थ कर रहा है। कीड़े मकोड़े खाने वाले चीनियों को कोरोना के कहर से बचाने के लिए चीन ने जो घटिया वैक्सिन दी थी वह बेअसर सिद्ध हो रही है। नतीजतन करोड़ों चीनियों की जान सांसत में पड़ गई है। चीन ने पाकिस्तान को भी वही वैक्सिन दी थी। अब पाकिस्तानियों की हालत पतली है और वे चीन को कोस रहे है। पाकिस्तान पर तो दूबर पर दो आषाढ़ वाली कहावत चरितार्थ हो गई है।

विस का शीत सत्र 2 से, आरक्षण को लेकर एक बार फिर गरमाएगा सदन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र नए साल के दूसरे दिन से शुरू होगा। शीत सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। सत्र के पहले ही दिन भाजपा नियमितिकरण के मुद्दे पर स्थगन लाने जा रही है। भाजपा की तरफ से विधानसभा को इसकी सूचना भेज दी गई है। इसके अलावा धान खरीदी में अव्यवस्था, लॉ एंड आर्डर, लोगों को पीएम आवास नहीं मिलने के मुद्दे पर भी पार्टी स्थगन ला सकती है।

राज्य के सरकारी विभागों, निगम मंडलों में लगभग ढाई लाख कर्मचारी संविदा, दैनिक वेतन भोगी, ठेका, मानदेय और प्लेसमेंट के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पिछली सरकार के समय से ही ये नियमितिकरण की मांग कर रहे हैं। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस ने इन कर्मचारियों से नियमितिकरण का वादा किया था, लेकिन चार साल बाद भी इनका नियमितिकरण नहीं हो सका है। कर्मचारी लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन सरकार इन पर ध्यान नहीं दे रही है। इसी तरह कोविड के समय कई कर्मचारियों की मौत हो गई थी। उनके परिजन अनुकंपा नियुक्ति के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

शीत सत्र 2 जनवरी से शुरू हो रहा है। ऐसे में भाजपा विधायक दल की बैठक एक जनवरी को बुलाया जा सकता है। चुनावी साल का पहला सत्र 5 दिन का है। ऐसे में भाजपा हर दिन स्थगन लाने का निर्णय ले सकती है। बताया जा रहा है कि सत्र के पहले दिन कर्मचारियों के नियमितिकरण के मुद्दे पर पार्टी स्थगन लाएगी।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल का कहना है कि कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल है। हमारे पास बहुत से मुद्दे हैं जिसपर सरकार से जवाब मांगा जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से राज्य में बिगड़ते लॉ एंड आर्डर, धान खरीदी में अव्यवस्था के कारण किसानों को हो रही परेशानी, पीएम आवास योजना के तहत गरीबों को मकान न मिलना बड़ा मुद्दा है। हालांकि, स्थगन की सूचना के लिए अभी काफी वक्त है। सत्र से पहले विधायक दल की बैठक बुलाएंगे, उसमें ही मुद्दों पर विस्तार से चर्चा के बाद रणनीति तय की जाएगी।

इसके अलावा शीत सत्र में आरक्षण का मुद्दा भी हंगामे का कारण बनेगा। इस मुद्दे को लेकर भी भाजपा और कांग्रेस के विधायक एक दूसरे को घेरने की कोशिश करेंगे और राज्यपाल द्वारा आरक्षण संशोधन विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं होने के लिए एक दूसरे को दोषी ठहराने की कोशिश करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तो पहले ही इसके लिए भाजपा को दोषी ठहराया है। उन्होंने तो राजभवन के अफसरों पर भी जमकर नाराजगी जताई है। अफसरों को भाजपा की कठपुतली तक करार दिया है।

छत्तीसगढ़ में आरक्षण की सीमा 76% हो जाने के विरोध को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्टैंड साफ कर दिया था। उन्होंने दो हफ्ते पहले कहा था कि, छत्तीसगढ़ की विशेष भौगोलिक-सामाजिक परिस्थितियों की वजह से आरक्षण की सीमा बढ़ाई गई है। इसकी छूट कोर्ट ने भी अपने आदेश में दे रखा है।

//-- सुविचार --//

व्यक्ति को कभी भी मौके का इंतजार नहीं करना चाहिए, क्योंकि जो आज है वो ही सबसे बड़ा मौका हैं।

सूर्योदय

उदय : 7:11 प्रात:

अस्त : 5:45 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 8,007,911,904

भारत : 1,414,494,335

बाजार

संसेक्स : 60910.28

निफ्टी : 18122.50

गोल्ड : 54,860 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 72,300 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 5.56 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	30.0	19.0
बिलासपुर	28.2	17.0
जगदलपुर	30.8	18.5
अंबिकापुर	23.7	11.6

आज का दिवस

जैव विविधता दिवस :- संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 22 मई को जैव विविधता दिवस मनाया जाता है जबकि विश्व के कई देश 29 दिसंबर को जैव विविधता दिवस मनाते हैं। उल्लेखनीय है कि 29 दिसंबर, 1993 से जैव विविधता अभिसमय प्रभावी हुआ था। जैव विविधता जीवन और विविधता के संयोग से निर्मित शब्द है जो आम तौर पर पृथ्वी पर मौजूद जीवन की विविधता और परिवर्तनशीलता को संदर्भित करता है।

जम्मू में मुठभेड़, 4 आतंकी ढ़ेर

जम्मू (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू के बाहरी इलाके में सिधरा के पास बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों की बीच हुई मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए और अत्याधुनिक हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'सिधरा इलाके में मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए।'

उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों के पास और मुठभेड़ स्थल से सात ए के-47 राइफल, एक एम4 राइफल, तीन पिस्तौल और गोला बारूद बरामद किया गया है। इससे पहले जम्मू जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सीमा पर चौकसी को बढ़ाया गया और मजबूत किया गया है। भारी वाहनों विशेषकर ट्रकों की आवाजाही के लिए राजमार्ग पर चलने का समय निर्धारित है।

श्री सिंह ने कहा, 'सिधरा-नरवाल बाईपास के पास एक ट्रक की आवाजाही सुरक्षाकर्मियों को संदिग्ध लगी। जिसके बाद क्यूआरटी द्वारा ट्रक का पीछा किया गया और सिधरा में चौथे पुल के पास जांच चौकी पर उसे रोक लिया गया।'

उन्होंने कहा कि ट्रक चालक भागने पर सफल रहा लेकिन वहां मौजूद आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मियों की जवाबी कार्रवाई में मुठभेड़ शुरू हुई। ट्रक मालिक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। ट्रक जम्मू से श्रीनगर की ओर जा रहा था, तलाश अभियान जारी है। उन्होंने कहा, आतंकवादी भारी हथियारों से लैस थे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश के लिए आने वाले 40 दिन अहम

नई दिल्ली। देश से कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है और सावधानी बरतने की सख्त जरुरत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक कोविड को लेकर अगले 440 दिन काफी अहम है अगर पहले के ट्रेंड को ध्यान में रखें, तो मध्य जनवरी के बाद कोरोना संक्रमण के मामलों में उछाल आ सकता है। इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने भी कहा कि कोरोना के बढ़ते खतरे को देखते हुए उपकरणों और मानव संसाधन को तैयार रखना जरूरी है। मांडविया ने कहा, ''पूरी दुनिया में कोविड के मामले बढ़ रहे हैं और भारत में भी संक्रमण के मामलों में वृद्धि हो सकती है। इसलिए जरूरी है कि उपकरणों, प्रक्रियाओं और मानव संसाधनों के रूप में कोविड संबंधी संपूर्ण ढांचा पूरी तरह तैयार रहे।''

ईडी की कार्रवाई पर राज्य ने केन्द्र को लिखा पत्र

मारपीट कर भय पैदा कर रही है : सीएम

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बार फिर ईडी पर निशाना साधा है। उन्होंने बताया कि ईडी की थर्ड डिग्री पर राज्य सरकार ने केंद्र को पत्र लिखा है। गृह विभाग की तरफ से केंद्र को पत्र लिखकर केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई की जानकारी दे दी गयी है। मुख्यमंत्री ने मीडिया को वो पत्र भी दिखाया, जो गृह विभाग की तरफ से सचिव मनोज पिंगुआ ने केंद्र सरकार को भेजा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच पर कोई रोक नहीं है, लेकिन जांच के नाम पर अगर भय फैलाया जाए, किसी को मारा जाये, पीटा जाये, किसी को मुर्गा बनाया जाये, किसी को इतना मारा जाये कि उसको सुनाई देना बंद हो जाये, कोई अभी तक अस्पताल में भर्ती हो, तो हमें केंद्र को बताना होगा, कि केंद्रीय एजेंसी जांच के नाम पर किस तरह से भय पैदा कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच के नाम पर सहयोग नहीं करने की बात कभी नहीं की गयी, हमलोगों ने हमेशा सहयोग किया, लेकिन केंद्रीय एजेंसी ही सेंट्रल फोर्स लेकर आती है, अविश्वास जताती है। राज्य सरकार से जब भी कार्रवाई के लिए फोर्स की मांग की गयी, राज्य सरकार ने उन्हें फोर्स दिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस दौरान स्काई वाक को लेकर जांच के आदेश पर भाजपा की तरफ से आ रही प्रतिक्रिया को लेकर भी भाजपा को घेरा।

कुछ लोगों ने शिकायत की थी, उसकी कॉपी को संलग्न कर भारत सरकार को भेजा। कोई भ्रष्टाचार हुआ है और आपके पास साक्ष्य है तो लोगों के साथ मारपीट क्यों करते हैं। किसी का पैर तोड़ रहे हैं, किसी को रात भर बैठा कर रख रहेहैं, किसी को मुर्गा बना रहे हैं।

बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर, 2 की मौत

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा के पालनार क्षेत्र में ट्रैक्टर और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें मौके पर ही बाइक सवार जीजा और साले की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना कुआकोंडा थाना क्षेत्र के पालनार गांव के पास हुई। ट्रैक्टर में पत्थर लदा हुआ था जो पेंटा की तरफ जा रहा था। विपरीत दिशा से आ रही बाइक जिस पर सहदेव मुड़ामी व उसका जीजा अक्षय मंडावी सवार थे। बाइक और ट्रैक्टर के बीच सीधी टक्कर होने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दरअसल, यह घटना मंगलवार शाम की है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

26 जनवरी को 42 कैदियों को मिलेगी जेल से मुक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस अमृतकाल को कार्यक्रमों की श्रृंखला के रूप में मनाया जाना प्रस्तावित है।

इसी क्रम में एक विशेष पहल के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा कैदियों की कुछ श्रेणियों को विशेष माफी देने और 26 जनवरी 2023 और 15 अगस्त 2023 को उन्हें रिहा करना प्रस्तावित किया गया है। राज्यपाल अनुसुईया उइके ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर शासन के इस निर्णय के फलस्वरूप प्रदेश के 42 सजायाफ्ता कैदियों को 26 जनवरी 2023 गणतंत्र दिवस के मौके पर रिहा करने के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है।

रिहा होने वाले बंदियों में दो ऐसी महिला बंदी शामिल हैं, जो 50 वर्ष से अधिक आयु की है और अपने कुल सजा अवधि का 50 प्रतिशत सजा भुगत चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि भारत का संविधान के अनुच्छेद 161 के अनुसार किसी विधि के विरूद्ध, किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराये गये, किसी व्यक्ति के दंड को क्षमा, उसका प्रविलम्बन, विराम या परिहार करने की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अनिल देशमुख को बड़ी राहत, एक साल बाद जेल से बाहर आए

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और एनसीपी नेता अनिल देशमुख बुधवार को जेल से रिहा हो गए। मुंबई में आर्थर रोड जेल के बाहर उनका स्वागत हुआ। देशमुख के रिहा होने से पहले ही उनके समर्थक जेल के बाहर मौजूद थे। भ्रष्टाचार मामले में वह एक साल से अधिक समय से जेल में थे।

अनिल देशमुख को बॉम्बे हाईकोर्ट ने 12 दिसंबर को एक लाख रुपये के मुचलके पर सशर्त जमानत दी थी। लेकिन सीबीआई ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने के लिए जमानत पर स्थगन आदेश के लिए एक आवेदन दायर किया था, जिसे बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंजूर कर लिया था और हाईकोर्ट ने पिछले हफ्ते सीबीआई के अनुरोध पर जमानत आदेश पर रोक को 27 दिसंबर तक बढ़ा दिया था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

पीएम की माँ अस्पताल में भर्ती, राहुल का इमोशनल ट्वीट

■ **बीमार मां को देखने अस्पताल पहुंचे पीएम मोदी**

अहमदाबाद/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन की तबीयत बिगड़ गई है। मां को देखने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। अस्पताल में उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और राज्य के कुछ मंत्री भी मौजूद थे।

मंगलवार देर रात हीराबा की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम लगातार उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है। अस्पताल ने बुधवार दोपहर को हेल्थ बुलेटिन जारी कर बताया कि हीराबा की तबीयत अब स्थिर है।

हीराबा ने जून में ही अपना 100वां जन्मदिन मनाया है। प्रधानमंत्री मोदी भी उस समय उनसे मिलने आए थे। इधर, राहुल गांधी ने भी हीराबा के जल्द ठीक होने की कामना की है। राहुल ने लिखा- एक मां और बेटे के बीच का प्यार अनन्त और अनमोल होता है। मोदी जी, इस कठिन समय में मेरा प्यार और समर्थन आपके साथ है। मैं आशा करता हूं आपकी माताजी जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं। मोदी इस साल 11 और 12 मार्च को दो दिनों के गुजरात दौरे पर थे। तब 11 मार्च को रात नौ बजे मां हीराबा से मिलने गांधीनगर पहुंचे थे। इस दौरान पीएम मोदी ने उनके साथ खिचड़ी खाई थी।

2016 में भी बिगड़ी थी हीराबा की तबीयत

इससे पहले 2016 में भी हीराबा की तबीयत बिगड़ी थी। तब उन्हें एक सामान्य नागरिक की तरह 108 एंबुलेंस के जरिए गांधीनगर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इतना ही नहीं सामान्य मरीजों की तरह ही हीराबा का अस्पताल के जनरल वार्ड में इलाज किया गया था।

मां का प्यार अनमोल : राहुल गांधी

पीएम मोदी की मां की तबीयत की जानकारी लगते ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट कर उनका ढाढ़स बढ़ाया। राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि एक मां और बेटे के बीच का प्यार अनन्त और अनमोल होता है। मोदी जी, इस कठिन समय में मेरा प्यार और समर्थन आपके साथ है। मैं आशा करता हूं आपकी माताजी जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं।

4 दिसंबर को हीराबेन से मिले थे मोदी, आशीर्वाद लिया

पीएम मोदी गुजरात चुनाव के मतदान के दौरान 4 दिसंबर को गांधीनगर में अपनी मां हीराबेन से मिले थे। इस दौरान उन्होंने मां के पैर छूकर आशीर्वाद लिया था और उनके साथ बैठकर चाय पी थी।

तालिबान महिलाओं पर लगे प्रतिबंधों को तुरंत हटाया : यूएनएससी

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों को निशाना बनाने वाली तालिबान सरकार की नीतियों की निंदा की है. तालिबान ने पिछले सप्ताह महिलाओं के विश्वविद्यालय में भाग लेने और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के लिए काम करने पर प्रतिबंध लगा दिया था. 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि वह महिलाओं की शिक्षा पर बढ़ते प्रतिबंधों से 'बेहद चिंतित' है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि नवीनतम प्रतिबंध 'निरस्त किए जाने चाहिए।' परिषद के एक बयान में 'अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के पूर्ण, समान और सार्थक भागीदारी' का आह्वान किया गया है। इसने तालिबान से 'स्कूलों को फिर से खोलने और इन नीतियों और प्रथाओं को तेजी से उलटने का आग्रह किया है.' महासचिव गुटेरेस ने कहा कि नवीनतम प्रतिबंध 'अनुचित मानव अधिकारों के उल्लंघन' थे।

संपादकीय

बड़ी आतंकी साजिश नाकाम

जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में सुरक्षा बलों ने बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करने में सफ़लता पाई है। दरअसल, सुरक्षाबलों ने सोमवार को बसंतगढ़ इलाके में करीब 15 किलो की एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद की है, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आईईडी के साथ एक कोडेड शीट, 300-400 ग्राम आरडीएक्स वाले पांच डेटोनेटर और 7.62 एमएम के सात कारतूस भी बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि आईईडी को बाद में एक सुरक्षित स्थान पर ले जाकर बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने कहा कि घटनास्थल के पास आतंकी संगठन लश्कर के लेटर पैड का एक पेज भी बरामद किया गया है। अधिकारी ने कहा कि इस संदर्भ में बसंतगढ़ पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। जम्मू कश्मीर के रामबन में एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है। आतंकियों ने कथित तौर पर रामबन में बस को बम से उड़ाने की साजिश रची थी। लेकिन समय रहते ही बस के अंदर से सुरक्षाबलों ने विस्फोटक को बरामद कर लिया। बताया जा रहा है कि रामबन में नाशरी नाका के पास एक मिनी बस के अंदर संदिग्ध आईईडी मिला है। विस्फोटक को एक पॉलिथीन बैग में बस के अंदर रखा गया था। फिलहाल मौके पर भारी संख्या में सुरक्षाबल के जवान मौके पर पहुंचे और सेना के बम निरोधक दस्ते को भी बुलाया गया। फिलहाल बम निरोधक दस्ता ने बस के अंदर मिले विस्फोटक को डिफ्यूज कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, रामबन जिले में चिनानी-नाशरी टनल से कुछ ही दूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिनी बस में सीट के नीचे संदिग्ध आईईडी रखा हुआ मिला है। इसकी सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस और सेना के जवान पहुंच चुके हैं। अहतियातन रास्ते को बंद कर दिया है। गनीमत ये रही है कि उस समय मिनी बस ज्यादा भरी हुई नहीं थी। अगर बस में ज्यादा लोग होते और ब्लास्ट होता तो बहुत सी जानें जा सकती थीं। उल्लेखनीय है कि पिछले तीन दिनों में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ की दो बार कोशिश की गई है, जिसे भारतीय सेना के जवान विफल कर चुके हैं। इसके अलावा कल जम्मू के सांबा में ड्रोन के जरिए भेजी गई हथियारों और पैसों की बड़ी खेप को भी बरामद किया गया था।

विचार

काबुल में तालिबान का अतिवाद

पिछले साल काबुल में तालिबान की सरकार कायम हुई तो मुझे आशा थी कि पिछली तालिबानी सरकार की तुलना में यह सरकार अधिक उदार और समझदार होगी। काबुल और दोहा के कई तालिबानी नेताओं से मेरा संपर्क भी हुआ। पुराने तालिबान भी इस बार काफी संयत लगे। नए तालिबान नेता, जो विदेशों में पले-बढ़े हैं, उनकी पृष्ठभूमि देखते हुए लगता था कि वे अपने बुर्जुगों की गल्तियों से कुछ सीखेंगे। इसी आशा में भारत सरकार ने हजारों टन अनाज और दवाइयां काबुल भिजवाईं और अपने दूतावास को भी सक्रिय कर दिया। कुछ माह तक लगता रहा कि ये नए तालिबान पश्तूनी आर्य परंपरा का पालन करेंगे। वे स्त्रियों की समानता और शिक्षा के मामले में प्रगतिशील रूख अपनाएंगे। शुरु में उन्होंने कुछ ढील दी भी लेकिन अब उन्होंने औरतों के लिए बुर्का अनिवार्य कर दिया है। कोई भी औरत अकेली घर के बाहर नहीं निकल सकती। सारे स्कूलों और कालेजों में स्त्री-शिक्षा बंद हो गई है। सरकारी दफ्तरों से औरत कर्मचारियों की छुट्टी कर दी गई है। इनके कारण अफगानिस्तान में आजकल कोहराम मचा हुआ है। बादशाह ज़ाहिरशाह का 55 साल पहले का वह जमाना मुझे याद है जब काबुल विश्वविद्यालय में मेरे साथ ढेरों लड़कियां पढ़ती थीं, दर्जनों महिला प्रोफेसर सक्रिय थीं और सरकारी दफ्तरों में महिलाएं स्कर्ट और ब्लाउज पहने बेधड़क काम करती थीं। बादशाह अमानुल्लाह के ज़माने (1909) से आधुनिकीकरण की ऐसी लहर अफगानिस्तान में चली थी कि उसके सामने सारे इस्लामी मुल्क फीके पड़ गए थे। हर अफगान गर्व करता था कि वह प्राचीन आर्य सभ्यता का संवाहक है। काबुल का आसामाई मंदिर, बामियान की बुद्ध प्रतिमा, जलालाबाद की बौद्ध गुफाएं और कई जैन-अवशेष मैंने स्वयं जाकर देखे थे। अफगान सरकार के कई उच्च पदों पर उन दिनों कई हिंदू, सिख और शिया लोग प्रतिष्ठित थे लेकिन अब तो इस्लाम में गहरी आस्था रखनेवाले लोग भी अफगानिस्तान छोड़कर बाहर भाग रहे हैं। भारतीय दूतावास में वीज़ा की हजारों अर्जियां आ गई हैं। अफगानिस्तान में आर्थिक संकट बढ़ता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मदद बहुत कम आ रही है। पाकिस्तान से भी तालिबान के संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। इस्लाम के कुछ भारतीय और पाकिस्तानी विद्वानों का कहना है कि ये तालिबान स्त्री-सम्मान की महान इस्लामी परंपराओं को भी नहीं जानते। स्त्रियों को दरकिनार करनेवाले तालिबान अपने आप को पाकिस्तान, सउदी अरब और यू.ए.ई. से भी ज्यादा इस्लामपरस्त मानने लगे हैं। इन मुस्लिम देशों ने भी उन्हें अभी तक कूटनीतिक मान्यता नहीं दी है। यदि तालिबानी जुल्म इसी तरह जारी रहा तो कोई आश्चर्य नहीं कि उन्हें सख्त बगावत का सामना करना पड़ जाए। ईरानी औरतों ने अपनी सरकार की नाक में दम कर रखा है। यदि वैसी ही बगावत काबुल में शुरु हो गई तो भारत-जैसे राष्ट्रों को भी अपनी अफगान-नीति पर पुनर्विचार करना होगा।

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

योगेश कुमार गोयल

कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह एक बार अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल 'पोंटा' शब्द का अर्थ होता है 'पांव' और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं। 1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को 'पंज प्यारे' चुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने 'खालसा वाणी' भी दी, जिसे 'वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' कहा जाता है।

गुरु गोबिंद सिंह के 356वें प्रकाश पर्व पर विशेष

प्रेरणादायी हैं गुरू गोबिंद सिंह के उपदेश

हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत् को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। सिखों के 10वें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी का 356वां प्रकाश पर्व इस वर्ष 29 दिसम्बर को मनाया जा रहा है। बचपन में गुरु गोबिंद सिंह जी को गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी ने घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्धकलाओं में भी महारत हासिल की थी। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरू पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने। अत्याचार और अन्याय के खिलाफआवाज उठाने के लिए उनका वाक्य 'सवा लाख से एक लड़ाऊं तां गोबिंद सिंह नाम धराऊं' सैकड़ों वर्षों बाद आज भी प्रेरणा और हिम्मत देता है।

'भै काहू को देत नहि, नहि भय मानत आन' वाक्य के जरिये गुरु गोबिंद सिंह कहते थे कि किसी भी व्यक्ति को न किसी से डरना चाहिए और न ही दूसरों को डराना चाहिए। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। दरअसल कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें 'संत सिपाही' भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। 'बिचित्र नाटक' को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। यह 'दशम ग्रंथ' का एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरू जी ने हिमाचल के पोंटा साहिब में की थी।

गुरु गोबिंद सिंह ने ही 'गुरु ग्रंथ साहिब' को सिखों के स्थायी गुरु का दर्जा दिया था। सन् 1708 में उन्होंने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिविर लगाया था। वहां जब उन्हें लगा कि अब उनका अंतिम समय आ गया है, तब उन्होंने संगतों को आदेश दिया कि अब गुरु ग्रंथ साहिब ही आपके गुरु हैं। उन्होंने कई बार मुगलों को परास्त किया। आनंदपुर साहिब में तो मुगलों से उनके संघर्ष और उनकी वीरता का स्वर्णिम इतिहास बिखरा पड़ा है। गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्र अजीत सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह और जुझार सिंह भी उन्हीं की भांति बेहद निडर और बहादुर योद्धा थे।

कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह एक बार अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल 'पोंटा' शब्द का अर्थ होता है 'पांव' और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं। 1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को 'पंज प्यारे' चुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने 'खालसा वाणी' भी दी, जिसे 'वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' कहा जाता है। उन्होंने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए थे, जिन्हें 'पंच ककार' (केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा) कहा जाता है।

गुरु गोबिंद सिंह ने ही 'गुरु ग्रंथ साहिब' को सिखों के स्थायी गुरु का दर्जा दिया था। सन् 1708 में उन्होंने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिविर लगाया था। वहां जब उन्हें लगा कि अब उनका अंतिम समय आ गया है, तब उन्होंने संगतों को आदेश दिया कि अब गुरु ग्रंथ साहिब ही आपके गुरु हैं। उन्होंने कई बार मुगलों को परास्त किया। आनंदपुर साहिब में तो मुगलों से उनके संघर्ष और उनकी वीरता का स्वर्णिम इतिहास बिखरा पड़ा है। गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्र अजीत सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह और जुझार सिंह भी उन्हीं की भांति बेहद निडर और बहादुर योद्धा थे। अपने धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से लड़ते हुए गुरु गोबिंद सिंह ने अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया था। उनके दो पुत्रों बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने चमकौर के युद्ध में शहादत प्राप्त की थी। 26 दिसम्बर 1704 को गुरु गोबिंद सिंह के दो अन्य साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं करने पर सरहिंद के नवाब द्वारा दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था और माता गुजरी को किले की दीवार से गिराकर शहीद कर दिया गया था। नांदेड़ में दो हमलावरों से लड़ते समय गुरु गोबिन्द सिंह के सीने में दिल के ऊपर गहरी चोट लगी थी, जिसके कारण 18 अक्तूबर 1708 को नांदेड में करीब 41 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई थी। नांदेड़ में गोदावरी नदी के किनारे बसे हुजूर साहिब में उन्होंने अंतिम सांस ली थी।

किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम पर्याप्त नींद लेने के फायदों की करें तो, अच्छी नींद आने से हम ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल आदि से समस्या से बच सकते हैं। अच्छी नींद आने के बाद हम काफी फ्रेश और किसी भी काम में हम मजा लेते हैं, पर्याप्त नींद के बाद हम काफी ऊर्जावान महसूस करते हैं, पूरी नींद लेने वाले व्यक्तियों की याद्दाश्त काफी अच्छी होती जाती है, अच्छी नींद होने से हमारी एकाग्रता भी बढ़ती है, हमेशा पर्याप्त नींद लेने से व्यक्ति हमेशा तरो-ताजा महसूस करता और हमारे चेहरे पर नेचुरल मुस्कान बनी रहती है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि नींद उड़ी सेहत बिगड़ी। आओ चैन की नींद सोएं। नींद के बिना दीर्घकालीन और गंभीर समस्याएं महसूस हो सकती है। नींद हमारे शरीर और मस्तिष्क को आराम देने की प्रक्रिया है। पर्याप्त नींद फ्रेश ऊर्जावान और अच्छी यादाश्त का टॉनिक है।

नींद उड़ी - सेहत बिगड़ी, आओ चैन की नींद सोएं

वैश्विक स्तरपर भारतीय संगीत गीत फिल्मों को करीब करीब पूरी दुनिया में पसंद किया जाता है। क्योंकि दुनिया में ऐसे कम ही देश होंगे, जहां मूल भारतीय ना बसते हों। भारतीय संगीत क्षेत्र सदियों पुराना मीठा सुरीला है। बस समय के साथ साथ उसमें परिवर्तन होते होते आज डिजिटल इंडिया में संगीत क्षेत्र में भी नया इतिहास रचा जा रहा है, जो तारीफ़ए काबिल है। हम अगर संगीत क्षेत्र में उप शेत्र गीतों में गौर करेंगे तो हमें नींद पर अनेक गीत मिलेंगे जो न केवल दशकों पुराने भी हैं, परंतु विविधता में एकता याने हर भाषा क्षेत्र में हमें नींद के संबंधमें गीत ज़रूर मिलेंगे उसमें भी हमें प्रेम प्रसंग के ऊपर यह गीत अधिक मिलेंगे, जैसे 1960 के दशक का गीत कभी रहती थी आंखों में नींद अब बसते हैं सांवरिया, 1990 का मुझे नींद ना आए मुझे चैन ना आए न जाने कहां दिल खो गया, से लेकर अभी 2022 तक हमें ऐसे हजारों लाखों में गीत मिलेंगे जहां नींद खोने की का केंद्रीय मुद्दा है। उसी तरह कहावतों में भी हमें रातों की नींद उड़ गई जैसे अनेक किस्से कहानियां कहावतें मिलेगी ! इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि पर्याप्त नींद के बिना दीर्घकालीन और गंभीर समस्याएं महसूस हो सकती है। पर्याप्त नींद हमारे शरीर और मस्तिष्क को आराम देने की प्रक्रिया है। पर्याप्त नींद फ्रेश ऊर्जावान और अच्छी यादाश्त का टॉनिक भी है।इसलिए आओ चैन की नींद सोए।

साथियों बात अगर हम पर्याप्त नींद ना आने के कारणों की करें तो, आमतौर पर अनिद्रा का कारण तनाव व थकावट हो सकती है, लेकिन इसके कुछ निम्न कारण भी हो सकते हैं, हर रोज सोने के समय में बदलाव होना। दोपहर में सोना या झपकी लेना। सोते वक्त ज्यादा शोर होना या रूम में अधिक लाइट होना। व्यायाम न करना। सोते वक्त मोबाइल व टीवी जैसे उपकरणों का उपयोग करना। धूम्रपान करना। पूरे दिन कैफीन युक्त पदार्थों का अधिक सेवन करना। कुछ खास तरह की दवाइयों का सेवन करना।रात के वक्त काम करना। चिंता या तनाव। कुछ खास तरह के नींद संबंधी विकार।शरीर में कोई परेशानी होना या स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या होना जैसे - मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग, तनाव।जीवनशैली में बदलाव इत्यादि। अनिद्रा या उन्निद्र रोग (इनसॉम्निया) में रोगी को पर्याप्त और अटूट नींद नहीं आती,

जिससे रोगी कोआवश्यकतानुसार विश्राम नहीं मिल पाता और स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। बहुधा थोड़ी सी अनिद्रा से रोगी के मन में चिंता उत्पन्न हो जाती है, जिससे रोग और भी बढ़ जाता है। स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त नींद सोना जरूरी है, लेकिन आजकल कई लोग अनिद्रा की समस्या से जूझ रहे हैं। इस बीमारी को अंग्रेजी में इंसोमनिया कहा जाता है। यह एक प्रकार का नींद संबंधी विकार है। इसमें व्यक्ति को सोने में असुविधा, नींद की कमी या नींद पूरी नहीं हो पाने की समस्या रहती है। ऐसा होने से स्वास्थ्य पर असर होता है और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। अनिद्रा के लक्षण यह भी हो सकते हैं, सोने की कोशिश करने पर भी नींद न आना, नींद आने पर भी थोड़ी देर में जागना या बार-बार नींद टूटने की शिकायत होना, नींद से उठने के बाद भी खुद को ताजा महसूस नहीं करना और सुस्ती आना, व्यक्ति खुद को अस्वस्थ महसूस करता है, अनिद्रा से ग्रस्त व्यक्ति हमेशा चिड़चिड़ा रहता है और बहुत जल्दी गुस्सा हो जाता है, अनिद्रा से ग्रस्त व्यक्ति को चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं जल्दी घेर लेती है। साथियों बात अगर हम पर्याप्त नींद ना करने के अल्पकालीन और दीर्घकालीन दुष्प्रभावों की करें तो, गहरी नींद नहीं होने से हम तनाव और मानसिक रोग के शिकार होते हैं, नींद पूरी नहीं होने से शरीर और दिमाग को आराम नहीं मिलता है जिससे बदन दर्द, अकड़न और थकावट जैसी परेशानी पैदा हो जाती है, अच्छी नींद नहीं होने पर पाचन तंत्र पर असर पड़ता है जिसके चलते कब्ज की समस्या होती है, पूरी नींद न लेने पर व्यक्ति किसी भी कार्य में एकाग्रचित्त नहीं हो पाता और उसकी स्मरणशक्ति कमजोर हो जाती है, नींद कम होने से व्यक्ति चिड़चिड़ा हो जाता है जिसके चलते छोटी-छोटी बातों पर भी क्रोधित हो जाता है जिसके चलते परिवार, समाज और ऑफिस में भी लोग उससे बात करने में संकोच करते हैं, नींद के अभाव के चलते थकान बनी रहती है और सिर हमेशा भारी रहता है, कम सोने वालों में कई बार वजन बढ़ने की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है। नींद पूरी न होने के दीर्घकालिक दुष्प्रभाव - यदिहमर पर्याप्त नींद के बिना काम करना जारी रखते हैं, तो आपको दीर्घकालिक और गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं महसूस हो सकती हैं। नींद की कमी के कारण उच्च रक्तचाप, मधुमेह, दिल का दौरा, हार्ट फेलियर और कैंसर, स्ट्रोक तक का खतरा बढ़ जाता है। अन्य संभावित समस्याओं में मोटापा, अवसाद, प्रतिरक्षा प्रणाली की समस्या और सेक्स ड्राइव में कमी महसूस होते रहना भी शामिल है। साथियों बात अगर हम नींद की आवश्यकता की करें तो, संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम की आवश्यकताओं के बारे में तो हम सभी सुनते आ रहे हैं, परंतु हमको इसके साथ-साथ अच्छी नींद लेना भी बेहद आवश्यक है। मस्तिष्क को बेहतर तरीके से कार्य करने में मदद करने के साथ है, शरीर को री-फ्रेश रखने,प्रतिरक्षा को बढ़ावा देकर रोगों के जोखिम को कम करने और चिंता-तनाव जैसी मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं से बचाने में अच्छी नींद की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में नींद एक जरूरत है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

एक असफल रिश्ते

एक असफल रिश्ते में स्त्रियाँ झूठ बोलतीं हैं अक्सर स्वयं से झूठ बोलती हैं कि ठीक हो जाएगा सब कुछ निकट भविष्य में पर कभी कुछ भी ठीक नही होता बीतते हुए पलों में काट दिया जाता है अक्सर विश्वास के साथ साथ उनकी देह को भी कभी पैंतीस तो कभी बहत्तर टुकड़ों में।

- ममता अमर

तुझे याद करते रख

तुझे याद करते रख दीं किताबें, जो पढ़ रही थी इक ओर... चाहा कि, पी ली जाए एक गर्मागर्म चाय अदरक वाली... आहा..!! क्या सुकून पाया, प्याले से उड़ती भाप की खुश्बू में काश, होते तुम भी साथ, पीते दोनों घूँट घूँट कर एक ही प्याले से चाय, इस सर्द मौसम में।

- नीलोफर नीरू

खास पाती

मैं इंतज़ार करती रही उस

मैं इंतज़ार करती रही उस पल का कि तुम आओगे... और दो पल हीं सही, मेरे साथ बैठोगे, कुछ मेरी सुनोगे, कुछ अपनी सुनाओगे, मेरे बिना कहे हीं भाँप लोगे, मेरे मन के अंदर फैल रही रिक्तता को... मैं बस इंतज़ार करती रही उस पल का.. कि एक दिन तुम आओगे मेरी ज़िन्दगी में खुशबू का एक झोंका बनकर... और समेट लोगे... मेरे दर्द की हर वजह को मैं बस करती रही इंतज़ार कि तुम आओगे बूंदों से भरे बादल बन कर और भींगों जाओगे मुझे अन्तर्मन तक.... मैं सरोबार हो उमंगों से, फिर खिल उठूँगी इस जमीं पर मैं करती हीं रही इंतज़ार मगर, ना तुम आए,ना वो वक़्त आया, ये साल भी यूँ हीं गुज़र गया इन शब्दों के साथ कि... 'तुम मेरा इंतज़ार मत करना.. मुझसे कोई सवाल मत करना।' **- रश्मि अभय**

लाख कहें ये दुनिया वाले,किस्मत



लाख कहें ये दुनिया वाले,किस्मत अपनी खोटी है। बात खुशी की श्रम करने से,मिल ही जाती रोटी है।। उसके प्रति भी जिम्मेदारी ,हमें निभानी है पूरी, बहन हमारी भले उम्र में ,हमसे थोड़ी छोटी है। भारत माँ की रक्षा के हित,हम सब भारतवासी हैं, भले शीश पर पगड़ी, टोपी,और कहीं पर चोटी है। जो भी है संतोष करो अब ,रोना-धोना ठीक नहीं, भाग्यवान हो पत्नी तो है, चाहे दुबली, मोटी है। शकुनि सरीखा धोखा देता,संबंधों को भूल गया, स्वार्थ और लालच में डूबा ,फेंक रहा नर गोटी है। **- डॉ बिपिन पाण्डेय**

मैं जिसे चरम समझ लेता

मैं जिसे चरम समझ लेता हूं, दर्द का, खुशी का, ज्ञान का, सम्मान का, अपमान का, किसी का भी चरम, बाद में मुझे पता चलता है कि वह उसका चरम नहीं था, बल्कि उसका चरम तो उससे कहीं बड़ा है । **- कमल मेहर**

तुम्हारे लिए चुने हैं मैंने शब्दकोश

तुम्हारे लिए चुने हैं मैंने शब्दकोश से सबसे सुंदर शब्द रची हैं सुंदर कविताएं पसंद किया है कई रंगों के बीच तुमपे खिलता गुलाबी रंग रखी है अपनी स्मृतियों में तुम्हारे पत्र की खुशबू और समाहित किया है अपने गीतों में तुम्हारे एहसास को।

- आरती कुमारी

तुमने कहा था.. पता है ताउम्र दर्द

तुमने कहा था.. पता है ताउम्र दर्द का सिला ही देती रहोगी तुम हमें , फिर भी तेरी ही ख्वाहिश़ है और हासिल कुछ भी नहीं..!! तुझे क्या मालूम ऐ दिल - ए - नशीं तेरे बगैर जीया कैसे , सारी जिंदगी कट गयी और लम्हा - ए - राहत कुछ भी नहीं..!! **- मिनाक्षी सिंह**

कैसे बताऊं मैं तुम्हें कि तुम

कैसे बताऊं मैं तुम्हें कि तुम मेरे लिए कौन हो तुम हो सुबह की गुनगुनाती धूप सर्द हवाओं के बीच तुम हो गरम पानी जब कड़ाके की ठंड पड़ रही हो तुम हो ठंडी हवा का झोंका जब बेइंतहा गर्मी पड़ रही हो तुम हो तो मैं हूं तुम मेरे आस पास रहती हो हमेशा दरअसल मैं तुम्हें कोई नाम दूं तो मैं तुम्हें कहूंगा मेरी परछाई।

- प्रवीण माटी

जैसे दो क्षितिजो के बीच बहते है

जैसे दो क्षितिजो के बीच बहते है नक्षत्र जैसे दो ध्रुवो के बीच बहती है दिशाएं जैसे दो किनारों के बीच बहती है नदी वैसे ही दो देहो के बीच बहते है आलिंगन दो मौन के बीच बहता है संवाद। और वैसे ही तुम्हारे मेरे बीच बहता है ये समय समय परिचय से प्रतिक्षाओ समय अपेक्षाओं से समीक्षाओं का। **- कुलदीप वर्मा**

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारत ने किस अंतर सरकारी संगठन के साथ डिजिटल कार्य योजना 2022 को मंजूरी दी है?
2) ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस चिल्ड्रन वर्ड ऑफद ईयर 2021 के रूप में किस शब्द को चुना गया है?
3) सरकार ने नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड को किस कंपनी को 12100 करोड़ में बेचने की मंजूरी दी है?
4) किस म्यूचुअल फंड का नाम बदलकर व्हाइट ओक कैपिटल म्यूचुअल फंड कर दिया गया है?
5) मास्टर्स सेक्शन में टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट 2022 किस खिलाड़ी ने जीता है?

उत्तर- (1) आसियान (2) गिबा (3) टाटा स्टील (4) यस म्यूचुअल फंड (5) मैग्नस कार्लसन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1530 - मुग़ल शासक बाबर का बेटा हुमायूं उसका उत्तराधिकारी बना। 1778 - ब्रिटेन की सेना ने अमेरिका के जॉर्जिया प्रांत पर कब्जा किया। 1845 - टेक्सास अमेरिका का 28वां प्रांत बना। 1911 - सुन यात सेन को नए चीन गणतंत्र का राष्ट्रपति घोषित किया गया। 1922 - नीदरलैंड ने संविधान अंगीकार किया। 1942 - हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता राजेश खन्ना का जन्म। 1949 - यूरोपीय देश हंगरी में उद्योगों का राष्ट्रीयकरण किया गया। 1972 - अमेरिका में फ्लोरिडा प्रांत के एवरग्लैड्स के समीप इस्टर्न त्रिस्टार जम्बो जेट विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 101 लोगों की मौत हुई। 1975 - ब्रिटेन में महिलाओं और पुरुषों के समान अधिकारों से जुड़ा क़ानून लागू। 1977 - विश्व का सबसे बड़ा ओपन एयर थियेटर 'ड्राइव' बंबई (अब मुम्बई) में खुला। 1978 - स्पेन में संविधान प्रभाव में आया। 1983 - भारतीय क्रिकेटर सुनील गावास्कर ने टेस्ट क्रिकेट में अधिकतम 236 रन वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाये। 1984 - कांग्रेस ने स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे भारी बहुमत से संसदीय चुनाव जीता था। 1985 - श्रीलंका ने 43,000 भारतीयों को नागरिकता प्रदान की। 1989 - वाक्लाव हाबेल 1948 के बाद पहली बार चेकोस्लोवाकिया के ग़ैर-साम्यवादी राष्ट्रपति चुने गये। 1996 - नाटो के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए एकत्र होकर कार्य करने के मुद्दे पर रूस एवं चीन में सहमति। 1998 - विश्व के पहले परमाणु बम बनाने वाले अमेरिकी वैज्ञानिक रेगर सक्रेबर का निधन।

न्यूज गैलरी

आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन 10 जनवरी तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना सीपत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र बिटकुला, मुड़पार, खाड़ा में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक रिक्त पदों के लिए आवेदन परियोजना कार्यालय सीपत में आमंत्रित किये गये है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2022 तक है। उसी ग्राम पंचायत के स्थानीय आवेदिकाओं के ही आवेदन स्वीकार किये जाएंगे। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए की जा रही है आर्थिक मदद

बिलासपुर/नवप्रदेश। सशस्त्र सेना झंडा दिवस 07 दिसम्बर तथा विजय दिवस 16 दिसम्बर के उपलक्ष्य में गौरव माह मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के कल्याण संयोजक मेजर श्री शिवेन्द्र पांडेय (से.नि.), कार्यालय अधीक्षक आ लेफ्टिनेंट श्री अजीत साहब, लेखापाल हवलदार श्री सुरेंद्र राठौड़, सिम्स के मुख्य सुरक्षा अधिकारी सूबेदार श्री कमलेश कुमार दीवान, सुरक्षा स्टाफ श्री मनोज कुमार यादव, जनसम्पर्क अधिकारी श्री दिनेश निर्मलकर के साथ सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. श्री कमल किशोर सहारे साहब को लैपल पिन लगाकर सम्मनित किया। कल्याण संयोजक श्री पाण्डेय ने झंडा दिवस पर एकत्रित राशि से सैनिकों और उनके परिवार जनों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता की विस्तार से जानकारी दी। सिम्स की ओर से 7 हजार 393 रुपये की राशि का योगदान प्राप्त हुआ। जिला सैनिक कल्याण बोर्ड ने सैनिकों के प्रति स्नेह प्रदर्शन के लिए सिम्स प्रबंधन का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

चुनावी मोड़ में आया निर्वाचन कार्यालय, हैदराबाद से पहुंची ईवीएम

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में चुनावी तैयारी शुरू हो गई है। इसके साथ ही जिला निर्वाचन कार्यालय चुनावी मोड में आ गया है। इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन आफइंडिया हैदराबाद से इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की पहली खेप पहुंच गई है। इसमें 2450 कंट्रोल यूनिट व 2484 बैलेट यूनिट है। वोटिंग मशीन की पड़ताल का काम जिला निर्वाचन कार्यालय में शुरू हो गया है। इसमें 37 मास्टर ट्रेनर्स व आठ सब इंजीनियर व तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा मशीन की पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद मशीनों को सीलबंद कर निर्वाचन कार्यालय के गोदाम में रखा जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय में अभी और ईवीएम आना है। छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों के लिए तकरीबन 55 हजार मशीनें आएंगी। बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, कोरबा, महासमुंद सहित बड़े जिलों के लिए पांच हजार ईवीएम मशीनें हैदराबाद से आपूर्ति की जाएगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कम ईवीएम की मांग है। बिलासपुर जिले में मतदान के लिए पांच हजार ईवीएम की जरूरत पड़ेगी। दंतेवाड़ा, कोंडागांव और कांकेर जिले में सबसे कम मशीनों की मांग है।

व्यंकटेश मंदिर में मनाया जाएगा गोदांबा उत्सव, झूलेलाल कथा का होगा आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बुधवार को सिम्स चौक स्थित श्री व्यंकटेश मंदिर में गोदांबा उत्सव पर विशेष पूजा-अर्चना सुबह 5:30 बजे से शुरू होगी। वहीं, चालीहा महोत्सव के उपलक्ष्य में झूलेलाल कथा चकरभाठा स्थित झूलेलाल नगर में सुबह नौ बजे से रखी गई है। छत्तीसगढ़ समग्र शिक्षा प्रोग्रामर समूह की ओर से छत्तीसगढ़ यूडीआएसई महोत्सव के तहत आनलाइन कार्यशाला दोपहर 12:30 बजे से किया जाएगा। शांति निकेतन पब्लिक स्कूल एवं महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव देवकीनंदन दीक्षित सभागार में दोपहर एक बजे से होगा।

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी: पालन प्रतिवेदन में कॉलेज दे रहे गलत जानकारी, यूनिवर्सिटी ने किया अमान्य

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी हर साल कॉलेजों को नियम और शर्तों को पूरा करने के नाम से संबद्धता दे देती थी। सभी कॉलेजों को यूनिवर्सिटी तीन महीने के अंदर प्रक्रिया को पूरा करने कहती है। इसमें कॉलेजों को लैब, लाइब्रेरी, शिक्षक, जमीन, क्लास रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं को पूरा करना होता है। कॉलेजों ने यह प्रक्रिया पूरा की या नहीं, इसके लिए यूनिवर्सिटी कॉलेजों से पालन प्रतिवेदन मंगाती है। यूनिवर्सिटी ने कॉलेजों से पालन प्रतिवेदन मांगना शुरू किया है।

50 से अधिक कॉलेजों को पालन प्रतिवेदन जमा करना है। अभी तक मात्र 5 कॉलेजों ने जमा किया है। इन 5 कॉलेजों ने यूनिवर्सिटी को गलत जानकारी दी है। कॉलेजों ने बताया है कि 10 लाख रुपए से 100 किताब

खरीदी गई हैं। ऐसे में एक किताब 10 हजार रुपए की पड़ रही है। यही नहीं एक कॉलेज ने यूनिवर्सिटी को बताया है कि 22 लाख 45 हजार रुपए का 100 कंप्यूटर भी खरीदे हैं। ऐसे में ये डाटा देखकर यूनिवर्सिटी परेशान हैं।

फिक्स डिपॉजिट की जानकारी 71 में से 18 कॉलेजों ने ही दी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और उच्च शिक्षा विभाग के नियम के अनुसार सभी कॉलेजों को इडोर्समेंट फंड जमा करना होता है। इसमें कॉलेज के पास अगर एक संकाय है तो 25 हजार, दो संकाय है तो 40 हजार और तीन संकाय है तो 50 हजार रुपए जमा करना होता है। तीन से अधिक है, तो प्रति संकाय 10-10 हजार रुपए फिक्स डिपॉजिट करना होता है। एयू से संबद्ध 71 प्राइवेट कॉलेज हैं। इनमें से मात्र 18 कॉलेजों ने यूनिवर्सिटी को पैसे जमा करने की जानकारी दी है। 53 कॉलेज ने अभी तक एयू को जानकारी नहीं दी है।

41 कॉलेजों ने नहीं दी एयू को शिक्षकों की जानकारी

यूनिवर्सिटी ने कॉलेजों को पत्र जारी कर पूछा है कि परिनियम-28 में कॉलेजों में कितने शिक्षक नियुक्त किए गए हैं? 71 में से अभी तक मात्र 30 कॉलेजों ने परिनियम-28 के तहत नियुक्त शिक्षकों की जानकारी यूनिवर्सिटी को भेजी है। बाकी 41 कॉलेजों ने अभी तक एयू को इसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं भेजी है।

कॉलेजों को रिमाइंडर जारी किया जा रहा है

अटल यूनिवर्सिटी के पीआरओ हर्ष पाण्डेय ने बताया कि कॉलेजों को रिमाइंडर जारी किया जा रहा है। कॉलेजों द्वारा धीर-धीरे जानकारी भेजी जा रही है।

न्यू ईयर सेलिब्रेशन में सीसीटीवी कैमरे लगाना जरूरी किया गया

बिलासपुर/नवप्रदेश। 4 दिन बाद नए साल का आगमन हो जाएगा। इससे पहले 31 दिसंबर की रात सेलिब्रेशन की तैयारियां भी जारी है। इस बार होटलों व बार में होने वाली पार्टियों को लेकर प्रशासन ने गाइड लाइन जारी कर दी है। इससे अवगत कराने कलेक्टर ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में होटल, ढाबा, मैरिज गार्डन व बार संचालकों की बैठक ली। साथ ही सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि रात 12.30 बजे के बाद पार्टियां न हो। इसके अलावा जिन जगहों पर न्यू ईयर सेलिब्रेशन के कार्यक्रम होंगे, वहां सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य है और लाइसेंसधारी ही शराब परोस सकेंगे। प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइन का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

कलेक्टोरेट के मंथन सभाकक्ष में मंगलवार को शहर और इससे लगे ढाबा, होटल, मैरिज गार्डन व बार संचालकों के साथ प्रशासनिक अफसरों के साथ बैठक हुई। इस दौरान कलेक्टर के अलावा एडिशनल कलेक्टर, एडिशनल एसपी व आबकारी उपायुक्त मौजूद रहे। कलेक्टर ने नए साल में होने वाले आयोजनों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने होटल, बार, ढाबा संचालकों से कहा कि जिनके यहां भी न्यू सेलिब्रेशन इवेंट हो रहे हैं उन्हें सीसीटीवी कैमरे लगाना जरूरी है। साथ ही वे इस बात का ध्यान रखें कि रात 12.30 बजे के बाद किसी भी प्रकार की पार्टी या आयोजन उनके संस्थान में न हो।

बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का मुंगेली में किया जोरदार स्वागत

मुंगेली/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद अरुण साव, सांसद गुहाराम अजगले, प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व मंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले बुधवार 28 दिसंबर को लोरमी से मुंगेली आए उनके आगमन पर संगठन ने स्वागत किया।

जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक ने बताया कि भाजपा संगठन के द्वारा लोकसभा प्रवास कार्यक्रम एवं भ्रष्ट कांग्रेस हटाओ छत्तीसगढ़ बचाओ अभियान के तहत बुधवार 28 दिसंबर को छत्तीसगढ़ को विकास देकर चहुमुखी विकास करने वाले प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह व नेताओं द्वारा मुंगेली विधानसभा के ग्राम कोदवाबानी में आमसभा को संबोधित कर प्रदेश में झूठे वादे कर सत्ता में आयी कांग्रेस के भूपेश बघेल सरकार की कथनी और करनी में अंतर को जनता के समक्ष बताएंगे। इस आमसभा की तैयारी के लिए मुंगेली ग्रामीण मण्डल की अगुवाई में मुंगेली नगर मण्डल, सेतगंगा मण्डल, जरहागांव मण्डल के जिला एवं मण्डल पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है। आमसभा में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने बताया कि डॉ. रमन सिंह पूरी टीम के साथ लोरमी विधानसभा से 28 को मुंगेली विधानसभा आएंगे तथा 29 दिसंबर को मुंगेली से पथरिया बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रोहरा पथरिया पहुंचकर आमसभा को संबोधित करेंगे।

अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मोत्सव भाजपा कार्यालय में मनाया गया

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मोत्सव अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर पं. अटल बिहारी बाजपेयी का तैल चित्र कार्यालय परिसर में लगाया गया।

जिला भाजपा कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री पं. अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मोत्सव मनाते हुए कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक ने कहा कि पं. अटल बिहारी बाजपेयी देश के एकमात्र सर्वमान्य नेता थे। जिन्हें पक्ष और विपक्ष के लोग दिल की गहराईयों से स्नेह करते थे। उनकी बातों को हर एक व्यक्ति ध्यान से सुनता व उनके अनुरूप कार्य करता था। पूर्व प्रधानमंत्री स्व

श्रीमती इंदिरा गांधी भी उनसे प्रत्येक देश हित के मुद्दे पर सलाह लेती थीं। पं. अटल बिहारी बाजपेयी ने भाजपा के स्थापना दिवस पर ही कहकर भविष्य वाणी की थी कि अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। आज उन्हीं के आर्शीवाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 8 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक, गिरीश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष शिवप्रताप सिंह, सुनील पाठक, आशीष मिश्रा, उमाशंकर साहू, कोटूमल दादवानी, प्रदीप पाण्डेय, सोम वैष्णव, मोहन मल्लाह, मो. आसिफ खोखर, सुनील सोनी, बरन सिंह, प्रमोद पम्मू, रावलानी, शम्भू सोमवंशी आदि उपस्थित रहे।

सरकारी जमीन पर रह रहे लोगों को हथियार लेकर हटाने पहुंचीं महिलाएं

बोलीं-यहां से चले जाओ, महिलाओं को पीटा भी

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में महिलाओं की गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। यहां कई परिवार सरकारी जमीन में झोपड़ी या मकान बनाकर रह रहे हैं। इन्हें ही यह महिला हटाना चाहती हैं। इसे लेकर फिर से महिला समूह की महिलाएं हथियार लेकर हटाने पहुंची थीं। इसके बाद इन्होंने 2 महिलाओं को पीटा भी है। मामला सकरी थाना के लोखंडी गांव का है।

दरअसल, गांव में बड़ी संख्या में मजदूर झोपड़ी या मकान बनाकर रहते हैं। मगर यह जमीन वन विभाग की है। इस लेकर ही सशक्त नारी महासंघ की महिला समिति की महिलाएं लामबंद हैं। ये किसी भी हाल में इन मजदूरों को हटाना चाहती हैं। यही वजह है कि ये आए दिन यहां के लोगों से विवाद करती हैं।

बताया जा रहा है कि रविवार को भी समूह की 30 से ज्यादा महिलाएं हथियार लेकर पहुंची थी। इसके बाद यहां नए बन रहे मकान को भी इन्होंने तोड़ दिया। कहने लगीं कि इस जगह को खाली करके तुम लोग यहां से चले जाओ। नहीं तो बात ठीक नहीं होगी। इस मामले को लेकर गांव की रजनी दिवाकर और मंजू आदित्य ने बताया कि हम लोग यहां 20 सालों से झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं। लेकिन ये महिलाएं हमें आए दिन डराती धमकाती रहती हैं। हम काफी परेशान हो गए हैं।

इन्होंने बताया कि रविवार को भी समूह की महिलाएं आई थीं। यहां आने के बाद इन्होंने गाली गलौज शुरू कर दिया। इसके अलावा दो महिलाओं को विरोध करने पर पीटा है। साथ ही बीच बचाव करने वाली महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई है। उधर इस बात से परेशान मंगलवार को गांव के लोग कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। वहां उन्होंने इनके खिलाफशिकायत की है।

छत्तीसगढ़ में तैयार होगी सेब की बगिया, दिव्या कर रहीं नवाचार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मल्हार की नवाचारी किसान दिव्या वर्मा ने अब सेब की खेती शुरू की है जो क्षेत्र में चर्चा में है। दिव्या की पहचान कई चार वर्ष पूर्व से नवाचारी किसान के रूप में है। चार वर्ष पहले उन्होंने फसल परिवर्तन की सोची। शुरुआत केले की फसल से की। दो एकड़ में केले की फसल लेकर आज वे सालाना चार से साढ़े चार लाख रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। इसी कड़ी में उन्होंने रंगीन फूलगोभी लगाई। इससे भी अच्छा मुनाफा हो रहा है। अब उन्होंने सेब की खेती भी शुरू कर दी है। वे 400 रुपये प्रति पौधे की दर से हिमाचल प्रदेश से सेब के पौधे मंगवाकर लगा रही हैं। उन्होंने सेब का बगीचा तैयार करने की योजना बनाई है।

वे बताती हैं कि इसके लिए प्रेरणा, मार्गदर्शन और प्रशिक्षण उन्हें जांजगीर-चांपा जिले के बिर्रा निवासी रिश्तेदार हीरालाल कश्यप से मिला। हीरालाल ने सेब का बगीचा तैयार कर लिया है। उनके माध्यम से हिमाचल प्रदेश में 400 पौधों का आर्डर दिया है। पहली खेप में 100 पौधे लगाए हैं। एक महीने के भीतर शेष 300 पौधों की आपूर्ति होनी है। पौधे रोपने के 16 महीने बाद फल आने लगेंगे। कृषि में नवाचार के जरिये दिव्या अन्य महिलाओं को स्वावलंबी भी बना रही हैं।

उनके खेतों में काम करने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक होती है। महिलाओं को वह रोजगार के साथ ही प्रशिक्षण भी दे रही हैं।

कोरोना संक्रमण के दौर में रंगीन गोभी की खेती

कोरोना संक्रमण के दौर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पर खूब चर्चा शुरू हुई तो दिव्या ने रोग प्रतिरोधी मानी जानी वाली रंगीन गोभी की खेती शुरू की। रंगीन गोभी में विटामिन ए व कैरोटिन की मात्रा अधिक होती है। इसमें कैल्शियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम और जिंक होता है। दिव्या बताती हैं कि सामान्य गोभी के मुकाबले बाजार में इसकी अच्छी कीमत मिलती है। प्रति किलोग्राम 80 से 100 रुपये में बिक जाती है।

आसमान में छाए बादल, सामान्य से चार डिग्री ज्यादा रहा रात का पारा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर शहर समेत संभाग का मौसम बदला हुआ है। स्थिति ये है कि मंगलवार को आसमान में बादल छा गए थे। तापमान भी चढ़ गया है। दिन का तापमान जहां सामान्य से तीन तो रात का न्यूनतम तापमान चार डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हालांकि मौसम विज्ञानी बुधवार से इसमें बदलाव के संकेत दे रहे हैं, लेकिन यह शाम तक ही स्पष्ट हो पाएगा। यह बादलों के ऊपर भी निर्भर करेगा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्वी हवाओं के प्रभाव से अब ठंड कम हो गई है। वहीं बुधवार से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने का अंदेशा विभाग ने लगाया है। ठंड बढ़ने से ठिठुरन बढ़ सकती है। मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट की संभावना जताई गई है। साथ ही वर्ष के आखिरी दिन यानी शनिवार को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में बादल छाने के भी आसार हैं। पिछले 10 सालों बाद ऐसा देखने को मिल रहा है कि दिसंबर में ठंड बढ़ने के बजाए बिल्कुल कम होती जा रही है। जबकि दिसंबर की अपेक्षा इस साल नवंबर में अधिक ठंड पड़ी थी।

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर में कोरोना मॉक ड्रिल किया

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर में, कोरोना मॉक ड्रिल किया गया, राज्य सरकार द्वारा यह संज्ञान में लाया गया है कि कोरोनावायरस की तीसरी लहर प्रदेश में प्रारंभ हो सकती है, इसी परिपेक्ष में सिम्स हॉस्पिटल में कोरोना वायरस इलाज एवं जांच संबंधित व्यवस्था का मॉक ड्रिल किया गया, उक्त मॉक ड्रिल में माननीय मंत्री चिकित्सा एवं परिवार परिवार कल्याण विभाग श्री टीएस सिंह देव जी गूगल मीट के माध्यम से उपस्थित रहे, उन्होंने कोरोनावायरस आइसोलेशन वार्ड एवं कोविड-19 आईसीयू का ऑनलाइन निरीक्षण किया। माननीय मंत्री जी ने यह भी हिदायत दी की कोविड-19 की सुरक्षा एवं इलाज संबंधित सभी जीवन रक्षक

औषधियां, उपकरण एवं अन्य सुविधाएं जल्द से जल्द दुरुस्त कर ली जावे, इस अवसर पर सिम्स के अधिष्ठाता डॉ के के सहारे, चिकित्सा अधीक्षक डॉ नीरज, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ चंद्रहास ध्रुव, एनेस्थीसिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर राकेश निगम, डॉक्टर पंकज, डॉक्टर अतुल उपस्थित रहे।

कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने राइस मिलरों को मिली राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के निर्देश के बाद खाद्य विभाग ने कस्टम मिलिंग के तहत चावल जमा करने जे लिए राइस मिलरों को 15 दिन की मोहलत दी है। खाद्य विभाग ने जारी आदेश में हाई कोर्ट के निर्देश का हवाला दिया है। राज्य शासन ने प्रदेशभर के कलेक्टर को पत्र लिखकर हाई कोर्ट ने निदेशों का गंभीरता से पालन करने कहा है।

राज्य शासन ने जारी पत्र में कहा है कि भारत सरकार द्वारा खरीफविपणन वर्ष 2021-22 के लिए धान की कस्टम मिलिंग एवं चावल जमा करने की अवधि 30 नवंबर तक वृद्धि करने की अनुमति दी गई थी। किंतु उक्त समयावधि के भीतर उठाए गए धान का 0.24 लाख टन चावल जमा किया जाना शेष है। कुछ कस्टम मिलरों द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। इसमें अधिकांश प्रकरणों में उच्च न्यायालय

आदेश पारित करते हुए विपणन संघ, मुख्यालय को याचिकाकर्ता से जमा के लिए शेष चावल पांच दिन के भीतर जमा कराने निर्देशित किया गया है।

उनके द्वारा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के परिपालन के दृष्टिकोण से खरीफ वर्ष 2021-22 में जमा के लिए शेष चावल, संबंधित मिलरों से जमा कराने के लिए समयावृद्धि किये जाने मांग की गई है। उपरोक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए खरीफविपणन वर्ष 2021-22 में कस्टम मिलिंग के लिए धान उठाव करने वाले मिलरों के संबंध में निम्नानुसार कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

ऐसे प्रकरणों में खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में कस्टम मिलिंग अनुबंध की शर्तों के अनुरूप विलंब से चावल जमा करने के लिए अधिरोपित पेनाल्टी शुल्क सहित (अनुबंध की कंडिका 11.3 अनुसार) शेष चावल जमा करने के लिए इस पत्र के जारी होने के 15 दिवस की समयावधि प्रदान की जाती है। इस समयावधि में ऐसे मामले भी सम्मिलित माने जाएंगे जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा प्रकरणों में मिलर्स को खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में शेष चावल जमा करने के लिए पांच दिवस की समयावधि प्रदान की गई है।

मिलरो को मिलेगी राहत

जिन मिलरों के द्वारा शेष चावल जमा नहीं किया गया है एवं उनकी राशि प्रतिभूति से समायोजित की गई है अथवा शेष चावल की राशि जमा करायी गई है। ऐसे मिलर द्वारा उक्त समयावधि के भीतर अपना शेष चावल जमा कराने का विकल्प उपलब्ध होगा। उपरोक्त चावल का उपयोग राज्य पूल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में प्रथमतः किया जाकर आवश्यकतानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के उपार्जन लक्ष्य में संशोधन।

इन मिलरों से करेंगे अगले वर्ष के लाइट अनुबंध

मिलरों द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 का संपूर्ण परिणामी चावल बढ़ायी गई समयावधि में जमा कराने के पश्चात खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 की कस्टम मिलिंग के लिए अनुमति जारी की जाकर एग्रीमेंट किया जा सकता है ।

तीन दिवसीय महतारी महोत्सव का विमोचन पूर्व मुख्यमंत्री ने किया

मुंगेली/नवप्रदेश। तीन दिवसीय महतारी महोत्सव 2023 का विमोचन प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के द्वारा किया गया। डेफोडिल्स युथ एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी के द्वारा विगत 6 वर्षों से सांस्कृतिक गतिविधियों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने का प्रयास निरंतर जारी है। इस वर्ष इस संस्था के द्वारा 3 दिवसीय महतारी महोत्सव 2023 का आयोजन 24-26 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। जिसके ग्रोसर का विमोचन आज भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, विधायक पुन्नुलाल मोहले के द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के



संरक्षक जय प्रकाश मिश्रा, स्वप्निल वर्मा, राहुल मल्लाह, रवि साहू, प्रज्ज्वल सोनी, गोविन्द मक्कड़ व ग्रुप के अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

आज हमर विधायक-हमर गांव म कार्यक्रम

कांकेर/नवप्रदेश।संसदीय सचिव एवं कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी द्वारा कांकेर एवं नरहरपुर

विकासखण्ड के ग्रामों में ''हमर विधायक-हमर गांव म'' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत् वे विभिन्न गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या सुन रहे हैं तथा उनके निराकरण के लिए कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 29 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से सरोना तहसील के ग्राम मुड़पार में ''हमर विधायक-हमर गांव म'' कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें वे शामिल होंगे। इसके पूर्व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना में पूर्वान्ह 11 बजे से आयोजित कार्यक्रम सायकल का वितरण किया जायेगा।हमर विधायक-हमर गांव म कार्यक्रम में राजस्व विभाग, जिला पंचायत, कृषि, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, श्रम, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खनिज विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग आदि के साथ-साथ राजीव युवा मितान क्लब, गौठान समिति, महिला स्व-सहायता समूह, शाला विकास समिति, वन सुरक्षा समिति तथा कृषक मित्रों को उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

देश की प्रगति में कांग्रेस पार्टी का बड़ा योगदान रहा-शोरी

■ कांग्रेसजनों ने स्थापना दिवस मनाया

कांकेर/नवप्रदेश। विधायक निवास कांकेर में जिला कांग्रेस कमेटी उ.ब. कांकेर के द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर को मनाया गया। संसदीय सचिव एवं विधायक कांकेर शिशुपाल शोरी ने कहा कि कांग्रेस के संस्थापक ए.ओ. ह्यूम थे तब वरिष्ठ नेता व्योमेश चंद्र बनर्जी को अध्यक्ष बनाया गया था। भारत देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस आज 138 वां स्थापना दिवस मना रही है। श्री शोरी ने इस दौरान अपना संबोधन में कहा कि हमें कांग्रेस पार्टी को समावेशी बनाने के लिए युवाओं, महिलाओं, वंचित तबकों और बुद्धिजीवियों को हमारे साथ जोड़ना होगा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से देशभर में करोड़ों कार्यकर्ताओं को संजीवनी मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत देश ने जो आज प्रगति की है उसमें कांग्रेस पार्टी का बड़ा योगदान है। लोकतंत्र को मजबूत रखने के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने मंत्रिमंडल में 5 गैर-कांग्रेसी मंत्रियों को नियुक्त किया, यह सबको साथ लेकर चलने के सिद्धांत को दर्शाता है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती सुभद्रा सलाम ने कहा कि भारत के मूल सिद्धांतों पर लगातार हमले हो रहे हैं। पूरे देश में नफरत का गड्ढा खोदा जा रहा है। जनता मंहगाई, बेरोजगारी से परेशान है लेकिन वर्तमान में केन्द्र की भाजपा सरकार को कोई परवाह नहीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के सदस्य गिरवर साहू, पूर्व नपाप अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर, ब्लाक अध्यक्ष ग्रामीण कांकेर रोमनाथ जैन, शहर अध्यक्ष मनोज जैन, महामंत्री सुनील गोस्वामी, मकबूल खान, याशीन कराणी, जितेन्द्र वैद्य, विनोद शोरी, सुश्री नीरा साहू, कमला गुप्ता, गोमती सलाम, पुष्पा सलाम, यास्मीन खान, राबिया फातिमा, मिलाप सिंह मण्डावी, तरेन्द्र भण्डारी, सुमित राय, रमेश गावड़े, अमन गायकवाड़, कमलेश देवांगन, किशन साहू, इसहाक अहमद खान, नरसिंग तेता, मन्नू उसेण्डी, लोमेन्द्र यादव, तारस सिन्हा, मयंक साहू, सत्यम शांडिल्य, हर्ष सिन्हा, फैजल खान, राहुल ठाकुर, संजू भेड़िया, एजाज अली, बसंत साहू, सुभम गंधर्व, अमित साहू, योगेश राजपूत सहित कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

ओव्हर लोडिंग के प्रकरणों में 153 वाहन मालिकों से 37 लाख 32 हजार की वसूली

कांकेर/नवप्रदेश।कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूर्व में चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट कुर्री व रानवाही में साईनबोर्ड लगाने के संबंध में चर्चा की गई। बताया गया कि कुर्री में साईनबोर्ड लगाया जा चुका है तथा रानवाही में आगामी माह जनवरी तक सुधार कार्य कर लिया जायेगा।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने जिला परिवहन अधिकारी एवं यातायात पुलिस को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित गति सीमा से तेज वाहन चलाने तथा शराब एवं मादक पदार्थ सेवन कर वाहन चलाने पर कार्यवाही की जावे। ओव्हर लोडिंग वाहनों पर कार्यवाही करने के लिए भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बताया गया कि परिवहन विभाग द्वारा ओव्हर लोडिंग के प्रकरणों में अब तक 153 वाहनों पर कार्यवाही कर 37 लाख 32 हजार रूपये का शमन शुल्क वसूल किया गया है। इसी प्रकार लापरवाही पूर्वक एवं हाई स्पीड से वाहन चलाने वाले चालकों पर गत 01 जनवरी से अब तक 28 ड्रायविंग लायलेंस निलंबन किया गया और 04 ड्रायविंग लायसेंस निलंबन हेतु अन्य परिवहन कार्यालय को प्रेषित किया गया है। परिवहन विभाग द्वारा बिना फिटनेस व परमिट के 07 स्कूल बसों और माह जुलाई से अब तक बिना फिटनेस के 40 वाहनों तथा बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के 24 वाहनों पर कार्यवाही किया गया है। पुलिस विभाग द्वारा तेज गति से वाहन चलाने पर 09 प्रकरण तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर 27 प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी प्रकार बिना हेलमेट के 395 प्रकरण तथा बिना सीट बेल्ट के 883 प्रकरण और मोबाईल में बात कर वाहन चलाने पर 07 प्रकरण दर्ज कर चालानी की कार्यवाही किया गया है।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने जिले के सभी हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिये।

जो ऑपरेशन पहले बड़े शहरों में होते थे वह अब बलरामपुर में होने लगे

रामानुजगंज/नवप्रदेश। नगर सीमा से सटे ग्राम पुरानडीह निवासी अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजीव तिवारी जो जिला चिकित्सालय बलरामपुर में पदस्थ है उनके द्वारा हड्डी के कई बड़े एवं छोटे ऑपरेशन लगातार किए जा रहे हैं वही जो ऑपरेशन पहले बड़े शहरों में होते थे वह अब बलरामपुर जिला चिकित्सालय में होने लगे बीते दिनों 60 वर्ष के महिला जिसका कुल्हा टूट गया था उसका सफल प्रत्यारोपण कर 24 घंटे के अंदर महिला को पैरों पर खड़ा किया यह स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में बलरामपुर जिले के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम धनगांव की सुशीला उम्र 60 वर्ष का डेढ़ माह पूर्व खेत में काम करने के दौरान गिरने से चोट लगा था और बिस्तर में पड़ी थी डेढ़ महीना बाद जिला अस्पताल बलरामपुर में लाया गया जहां पर अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव तिवारी को दिखाया गया तो उन्होंने एक्स-रे कराया तो पता चला कि उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई है उसके बाद कूल्हे का प्रत्यारोपण करने की बात कही जिसके बाद डॉ राजीव तिवारी निश्चिचेतना विशेषज्ञ डॉक्टर रूपक कुमार,सुनील यादव उदय मंडल बालकृष्ण ओटी टेक्नीशियन की टीम ने मिलकर 2 घंटे में कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण किया अब सुशीला पूर्णता स्वस्थ है 24 घंटे बाद ही सुशीला अपने दोनों पैरों पर खड़ी होकर चल रही है कूल्हे का प्रत्यारोपण डॉ खूबचंद बघेल योजना के तहत पूरी तरह निशुल्क किया गया। डॉक्टर राजीव तिवारी के द्वारा चौथी बार कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण किया गया।

2022 में 500 मेजर ऑपरेशन किए गए । अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजीव तिवारी के द्वारा सन 2022 में 500 मेजर ऑपरेशन किए गए जो बलरामपुर जिला चिकित्सालय के लिए एक रिकॉर्ड है जहां पहले एक भी ऑपरेशन करना संभव नहीं होता था वहीं अब व्यवस्था सुधरी तो जिले वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है।

झारखंड एवं बिहार से भी आते हैं मरीज..... पहले जहां जिले वासी बेहतर स्वास्थ सुविधा के लिए बिहार झारखंड के बड़े शहरों का रुख करते थे वहीं अब बलरामपुर जिला चिकित्सालय में बेहतर स्वास्थ सुविधा मिलने के कारण अब झारखंड बिहार के मरीज बलरामपुर जिला चिकित्सालय भी पहुंच रहे प्रत्येक महीने ऑपरेशन कराने वालों में 15 से 20 झारखंड एवं बिहार के मरीज रहते हैं।

80 लाख की स्वीकृति से होगा समस्याओं का समाधान

चिरमिरी/नवप्रदेश। विधायक डॉ. विनय जायसवाल अपने विधानसभा क्षेत्र के चिरमिरी नगरपालिक निगम वार्ड क्र. 31 से 40 तक स्कूटी से घूम कर समस्याओं का जायजा लेते रहे और लोगो से मिलते रहे। उन्होने वार्ड की विकास के लिए 80 लाख रुपए के स्वीकृति की जानकारी दी और भूमिपूजन किया

सुबह की सैर, अपनों की खैर के शब्दों से चरितार्थ हुए स्कूटी वाले मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल की अनूठी पहल पर शहर के वार्ड क्रमांक 31 से लेकर 40 वार्ड के सभी गली मुहल्लों में स्कूटी से दौरा कर वार्ड वासियों एवं आमजनों से मिली मांग एवं समस्याओं का निराकरण करते है सोमवार को चिरमिरी शहर के डोमनहिल,बरतुंगा,बड़ा बाजार, गोदरिपारा क्षेत्रों की छोटी बड़ी समस्याओ का निराकरण करते हुए कुल 80 लाख रुपए के कार्यो का विधिवत भूमि पूजन कर उन्हें समर्पित किया गया और समस्त क्षेत्र की जनता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

जानकारी अनुसार स्थानीय सभी जनप्रतिनिधि एवं नागरिक बंधुओ की गरिमामयी उपस्थिति में लगातार विकास कार्य को गति देते हुए सोमवार को चिरमिरी के बरतुंगा कालरी में मुक्तिधाम निर्माण कार्य हेतु कुल लागत राशि 23.23 लाख रुपए. एवं बरतुंगा वार्ड क्रमांक 24 योग भवन से एसईसीएल हॉस्पिटल तक फुटपाथ निर्माण कार्य हेतु

एवं बरतुंगा वार्ड क्रमांक 24 चर्च के सामने एवं साप्ताहिक बाज़ार से मुख्यमार्ग एवं साईं मंदिर से दुर्गा पंडाल तक फुटपाथ निर्माण कार्य लागत 9.45 लाख सहित कुल 33.00 लाख रुपए की लागत राशि के कार्यो का विधिवत भूमिपूजन कर स्थानीय वार्ड की जनता को समर्पित किए इसी कर्म में शहर के वार्ड क्रमांक 29 आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य लागत राशि लगभग 22.54 लाख का विधिवत भूमिपूजन किया गया । वार्ड क्रमांक .26 शिव मंदिर से नाला तक आज़ाद नगर गोदरीपारा में आर. सी.सी.ड्रेन निर्माण कार्य लागत राशि 3.638 लाख रुपए, इसी प्रकार वार्ड 30 रानू हार्डवेयर से शनि मंदिर गोदरीपारा में फुटपाथ निर्माण कार्य लागत राशि 15.00 लाख इस प्रकार डोमनहिल के वार्ड क्रमांक 35 में अन्य सभी कार्यो के निर्माण हेतु लगभग 19.00 लाख के विकास कार्यो का भूमिपूजन कर जनता को समर्पित किया और सभी को इन कार्यो की बधाई और शुभ कामनाये दी ।

नरेगा में गुड गवर्नेंस गतिविधि का कड़ाई से पालन हो- रवि साहू

■ पंचायतों में वर्क फाईल, 7 पंजी संधारण, जाबकार्ड अघतन और कार्यों के सूचना पटल आवश्यक

बीजापुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी नरेगा योजना के कार्यों को पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु सुशासन एक पहल के तहत ग्राम पंचायत में श्रमिकों के जॉबकार्ड अद्यतन, निर्माण कार्य की वर्क फाईल जनपद पंचायत स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर संधारण, कार्यस्थल पर नागरिक सूचना पटल निर्माण और 7 पंजी का संधारण किए जाने है। इन 4 गतिविधि को प्रभावी क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार द्वारा गुड गवर्नेंस गतिविधि अंतर्गत शामिल किया गया है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रवि कुमार साहू ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जिले मे प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला व जनपद स्तर पर प्रशिक्षण भी दिए गए हैं। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा क निर्देशन में एक माह में पंजी संधारण करने कहा गया है साथ निरीक्षण के दौरान इन गतिविधियों के क्रियान्वयन में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधितों पर कार्यवाही करने योजना से जुड़े जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। महात्मा गांधी नरेगा के सहायक परियोजना अधिकारी श्री नारायण बंजारा ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत वर्तमान में जिले में पर्याप्त मात्रा कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है।

कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस : जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर ने फहराया पार्टी का झण्डा

■ 2023 में दोबारा बनेगी हमारी सरकार

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय बिजापुर में कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस मनाया गया. इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष लालू राठौर ने कांग्रेस भवन में पार्टी का झंडा फहराया. कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे. इस दौरान लालू राठौर ने कहा, छग सरकार ग्राम सुराज के सपनों को पूरा करने का काम कर रही है, 2023 में हमारी दोबारा सरकार बनेगी। आगे लालू राठौर ने कहा, कांग्रेस का आज स्थापना दिवस है. सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं. जिन उद्देश्यों को लेकर स्थापना हुई थी, उसमें सफल हुई. आजादी की लड़ाई और देश के विकास में कांग्रेस का बड़ा योगदान है. फिर से हमारे नेता राहुल जी पदयात्रा कर रहे हैं. ऐसी ताकतें जो देश में नफरत फैलाने का काम कर रही हैं, इन ताकतों से लड़ने के लिए राहुल गांधी आगे आए हैं. हम उस पार्टी के कार्यकर्ता हैं, जिसने देश की आजादी दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई थी. हमे गर्व है हम कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं।

आज के स्थापना दिवस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक व बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष विक्रम शाह मण्डावी,जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, बस्तर विकास प्राधिकरण सदस्या व जिला पंचायत सदस्या श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, छग बीज निगम सदस्य इम्तियाज खान,छत्तीसगढ़ युवा आयोग सदस्य प्रवीण डोंगरे, पीसीसी सदस्य व सांसद प्रतिनिधि वेणुगोपाल राव, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया,नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर,वरिष्ठ कांग्रेसी सुरेश चंद्राकर, जनपद अध्यक्षा बोधि ताती, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, विधायक प्रतिनिधि शुखदेव नक्ग, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव मनोज अवलम, महिला कांग्रेस सचिव शेख रजिया खान, वरिष्ठ कांग्रेसी गिरधारी राठी, पार्षद जितेंद्र हेमला, पार्षद कविता यादव, पार्षद लक्ष्मण कड़ती, पार्षद साहिल तिग्गा, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष एजाज खान, एल्डर मैन राजू गांधी,मगराज खत्री,के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांग्रेस के 138वां स्थापना दिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित

रामानुजगंज/नवप्रदेश। विधायक बृहस्पत सिंह के निर्देश पर कांग्रेस के 138 वे स्थापना दिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित की गई।लरंगसाय चौक पर वक्ताओं के द्वारा कांग्रेस के नीति सिद्धांतों का जमकर सराहना की वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं टेंपो चालकों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कांग्रेस, किसान कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, युवा कांग्रेस एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्षद अशोक जयसवाल ने कहा कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक कांग्रेस के कार्यकर्ता है जो देश को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। कांग्रेश के नीति एवं सिद्धांत देश हित में है जो सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास करता है। किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विकास दुबे ने कहा कि आजादी से पहले एवं आजादी के बाद देश को एकजुट करने का कार्य कांग्रेस पार्टी ने किया कांग्रेस पार्टी की स्थापना 28 दिसंबर 1885 में हुई थी। उनके नहीं संस्थापकों में ए ओ हुम, दादा भाई,नरोजी दिनशा वाचा शामिल थे। एनएसयूआई नेता अभिषेक सिंह ने कहा कि आज देश जिस तरह की एवं विकास की राह पर अग्रसर है उसकी नीव कांग्रेस पार्टी ने रखी। श्री सिंह ने कहा कि हमारे कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के द्वारा जिस प्रकार से भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं निश्चित रूप से इससे देश में एकता भाईचारा बढ़ रहा है वही नफरत खत्म हो रहा है। कार्यक्रम को अरुण अग्रवाल,व्यास मुनि यादव,यासीन अंसारी, कौशल जैसवाल, सनोज दास,अशोक गौड़ द्वारा संबोधित करते हुए कांग्रेस के नीति एवं सिद्धांतों की सराहना की। इस दौरान युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष मंगलेश प्रजापति, मजहरूल हक, इंतखाब अंसारी,कृष्ण मंडल, आयुष सोनी, रामजी बर्मन, राहुल जीत सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस एवं विभिन्न प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनएसयूआई नेता अभिषेक सिंह एवं आभार प्रदर्शन डॉ अमरेश सिंह के द्वारा किया गया।

यदि क्षेत्र की जनता ने चाहा और पार्टी ने मौका दिया तो लडूंगा लोकसभा चुनाव-चंद्रकांत

चिरिमिरी/नवप्रदेश। आदिवासी बाहुल्य सरगुजा संभाग की जरूरत से ज्यादा राजनैतिक अवहेलना हुई है जिसके कारण यह क्षेत्र विकास की दौड़ में काफी पीछे रह गया है । लरंगसाय जी के बाद इस सम्भाग में कोई दूसरा बड़ा जननेता पैदा न होना इस क्षेत्र का दुर्भाग्य है । वहीं कोरबा लोकसभा में पिछले दो दशक से एक ही परिवार के लोगो का कब्जा होने के बावजूद इस क्षेत्र का विकास की दौड़ में पीछे रह जाना आश्चर्यजनक है । यदि क्षेत्र की जनता ने चाहा और पार्टी ने मुझे मौका दिया तो आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा के चुनावी समर में जरूर उतरूंगा ।

उपरोक्त बातें अप्रवासी भारतीय एवं समाजसेवी चंद्रकांत पटेल ने एक्सक्लूसिव चर्चा के दौरान कही । श्री पटेल ने आगे चर्चा करते हुए कहा कि चिरमिरी सहित आस पास के सभी कोयलांचल क्षेत्रो में कोयला खत्म होने के कगार पर है और कोई दूसरी इंड्रस्ट्री नही होने के कारण यहां के लोग रोजगार की भीषण समस्या से ग्रसित है । इसके साथ ही यह क्षेत्र उच्च शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य और रेल सुविधा से भी वंचित है । यदि तेजी के साथ इस क्षेत्र के लिए कुछ बड़े निर्णय नही लिए गए तो आने वाले दिनों में स्थिति भयावह होने से कोई नही रोक सकता ।

भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चर्चा करते हुए एनआरआई चंद्रकांत पटेल ने कहा कि अमेरिका में सार्वजनिक जीवन मे बिल्कुल भी भ्रष्टाचार नही है लेकिन भारत मे कदम कदम पर भ्रष्टाचार है । जिसके कारण आम से लेकर खास आदमी तक परेशान है । 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद इस पर काफी लगाम लगा है । डिजिटलाइजेशन, आन लाईन टेंडर एवं जरूरतमन्दो के लिए डायरेक्ट बैंकिंग सुविधा इस दिशा में एक बड़ा कदम है लेकिन अभी भी इसमें बहुत से काम होना बाकी है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके सम्बन्धो के सवाल पर चंद्रकांत पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी पहली मुलाकात तब हुई थी जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे । इसके बाद उनसे उनकी कई बार मुलाकात और विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई है । 2014 के लोकसभा चुनाव में उनके मार्गदर्शन में एनआरआई का महतवर्ण योगदान रहा ।

अमेरिका में बसे भारतीयों की कठिनाइयों के सवाल पर श्री पटेल ने कहा कि अमेरिका में लगभग 40 लाख भारतीय बसे हुए है । 1993 में वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी ने ओव्हरसीज बीजेपी की स्थापना की । जिसके बाद लगातार इस संस्था ने विदेशो में बसे भारतीयों की समस्याओं पर काम किया । वर्ष 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद इस पर ज्यादा तेजी से काम हुआ । इंडियन एम्बेन्सी का विदेशो में बसे भारतीयों के लिए वर्तमान में बहुत ही सहयोगात्मक भूमिका है ।

चिरमिरी में जमे हुए व्यवसाय एवं राजनीति को छोड़कर अचानक अमेरिका चले जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह सही है कि उस समय उनका वकालत का व्यवसाय चिरमिरी और मनेन्द्रगढ़ में जमा हुआ था । भाजपा के चिरमिरी मंडल अध्यक्ष के रूप में वे अग्रेसिव होकर तेजी से क्षेत्र में भाजपा का विस्तार कर रहे थे । लेकिन 1989 में उनकी बहन के ग्रीन कार्ड के आवेदन पर इंटरव्यू का लेटर आने पर उन्हें अचानक चिरमिरी छोड़कर अमेरिका जाना पड़ा ।

मात्र 15 डॉलर से अमेरिका में अपना सफक व्यवसाय खड़ा करने के सवाल पर श्री पटेल ने कहा कि शुरुआत में उन्हें कठिन संघर्ष करना पड़ा । भारत और अमेरिका के जलवायु में भारी अंतर होने के कारण वे शुरुआत के 6 माह तक वे बीमार रहे । बीमारी से उबरने के बाद उन्होंने लांड्री से अमेरिका में अपने बिजनेस की शुरुआत की और लगभग एक साल तक उन्होंने इस काम को किया । इसके बाद उन्होंने चिप की फैक्ट्री खोली । आज उनके पास अत्याधुनिक चिप की फैक्टरी है । और अब उनका परिवार खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहा है । उनकी दो बेटियों में बड़ी बेटी डॉक्टर और छोटी बेटी वकील है । उनका बड़ा दामाद बोइंग विमान बनाने की कम्पनी में एरोनॉटिक इंजीनियर है एवं छोटा दामाद डॉक्टर एवं हार्ट का सर्जन है । कोरोना काल मे उनकी बड़ी बेटी ने लंग्स डॉक्टर के रूप में अमेरिका और छतीसगढ़ के लोगो की काफी सेवा की है ।

जन्म और शिक्षा के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनका जन्म चिरमिरी में ही हुआ है । उनकी प्रारम्भिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा बड़ा बाजार में हुई । हाई स्कूल व हायर सेकेंड्री की शिक्षा उन्होंने लाहिड़ी स्कूल से ली । 1972 में उन्होंने लाहिड़ी कालेज में बीए करने के बाद रायपुर के दुर्गा कालेज से अर्थशास्त्र से एमए और एलएलबी की शिक्षा प्राप्त की ।

हाथ से हाथ जोड़ो अभियान पर्यवेक्षकों की हुई नियुक्ति

कांकेर/नवप्रदेश।अखिल भारतीय कांग्रेस संचालन समिति द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार भारत जोड़ो यात्रा के सफल अभियान को विस्तारित करते हुए हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया है जो कि आगामी 26 जनवरी 2023 से प्रारंभ होना प्रस्तावित है इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती सुभद्रा सलाम की सहमति से संगठन के प्रमुख पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को निम्नांकित ब्लाक के पर्यवेक्षक के रूप में दायित्व प्रदान किया गया जिसमें प्रमुख रूप से कांकेर ब्लाक शहर जितेन्द्र सिंह ठाकुर, याशीन कराणी, नरेश बिछिया, कांकेर ग्रामीण नरेश ठाकुर, महेन्द्र यादव, नरहरपुर शंकर ध्रुवा, राजेश भास्कर, चारामा नरेन्द्र यादव, बसंत यादव, भानुप्रतापपुर हेमंत ध्रुव, सुनील बबला पाढ़ी, दुर्गूकोंदल अमिता उइके, हुमन मरकाम, अंतागढ़ दुर्गेश ठाकुर, विश्राम गावड़े, कोयलीबेड़ा मुकेश ठक्कर, रतीराम दुग्गा, पखांजूर बप्पा गांगुली, सोहन हिचामी, संतोष कीर्तनिया, आमाबेड़ा विक्रम भण्डारी, शेख सरीफ को नियुक्त किया गया है । जिला कांग्रेस महामंत्री सुनील गोस्वामी ने कहा कि ब्लाक अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकगण ब्लाक स्तर पर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान देंगे तथा अपने दायित्व वाले ब्लाक में 29 दिसम्बर 2022 तक आवश्यक रूप से बैठक कर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के संबंध में तिथिवार रूट चार्ट तैयार कर जिला कांग्रेस कमेटी के समक्ष आवश्यक रूप से अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करना है।

युवकों पर धारदार हथियार से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। सूरजनगर लाभांडी के पास तीन युवकों ने मामूली बात पर तीन युवकों से गाली-गलौज कर मारपीट कर नुकीली हथियार से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बजरंग चौक लाभांडी निवासी प्रार्थी सोमन निषाद 20 वर्ष अपने दोस्त दुर्गेश सेन व रोहित के साथ सूरजनगर लाभांडी स्थित सरकारी राशन दुकान के पास गया था, तभी आरोपी आसु प्रार्थी के साथ पैदल टकरा गया। जिससे इसी बात को लेकर आरोपी आसु अपने साथी गुरुनानक और करण के साथ मिलकर प्रार्थी व उसके दोस्तों दुर्गेश सेन व रोहित के साथ गाली-गलौज मारपीट किया और नुकीली हथियार से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक पर चाकू व ब्लेड से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम संडी में जाति सूचक गाली-गलौज करने पर चाकू व ब्लेड से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बलवा का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम संडी निवासी सूरज धृतलहरे 23 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि साइड नहीं देने की बात पर आरोपी पिंटू राव, तुसार, चुड़ामणी, लक्की व विरेन्द्र ने प्रार्थी को जाति सूचक गाली-गलौज कर प्रार्थी व उसके दोस्त उमेश बंजारे, परमेश्वर गावस्कर के साथ मारपीट करते हुए चाकू व ब्लेड से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसोद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 148, 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक के खाते से 50 हजार से अधिक रकम पार

रायपुर/नवप्रदेश। कोरियर सर्विस के नाम पर युवक के खाते से अज्ञात आरोपी ने 50460 रुपए आहरण कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मीनगर निवासी प्रार्थी चुन्नी गजेन्द्र 31 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह गुगल पर सर्च का पार्सल के बारे में जानकारी लेने के लिए कोरियर सर्विस का नम्बर लिया। जहां आरोपी को फोन करने पर तत्काल दुसरे नम्बर पर प्रार्थी को फोन किया और आपको जो सर्विस चाहिए 24 घंटे के अंदर पहुंच जाएगा कहा। जिसके बाद आरोपी ने प्रार्थी से कहा कि इसके लिए आपको सर्विस चार्ज 2 रुपए यूपीआई के माध्यम से भेजना होगा कहकर एक लिंक भेजा जिस पर 2 रुपए का भुगतान करने के बाद अज्ञात आरोपी ने प्रार्थी के एसबीआई बैंक खाता से 2 बार में 50,460 रुपए आहरण कर धोखाधडी किया। जब प्रार्थी के मोबाइल में पैसे कटने का मैसेज आया तो उसने इसकी शिकायत टिकरापारा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दो सगे भाई को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। श्रीनगर दुर्गा मंदिर के पास टायर पंचर का पेमेंट की विवाद पर तीन युवकों ने दो भाईयों के साथ गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार श्रीनगर दुर्गा मंदिर के पास रहने वाला प्रार्थी बबलू वर्मा अपने भाई राजा वर्मा के साथ पंचर दुकान चलाता है। बताया जाता है कि कल शाम प्रार्थी के दुकान में अज्ञात तीन युवक कार के टायर का पंचर बनवाएं। जिसके बाद पेमेंट को लेकर विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने प्रार्थी व उसके भाई से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दो ट्रक चालक के खिलाफ हुई कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। यदुवंशी चौक हीरापुर के पास बीच रोड में ट्रक को खड़ी कर आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले दो वाहन चालकों के खिलाफ कबीरनगर पुलिस ने कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी चालक संजय कुमार 28 वर्ष ने कल रात यदुवंशी चौक के पास अपनी ट्रक क्रमांक सीजी 07 ई 1596 को खड़ी कर आवागमन में बाधा पहुंचाया। वहीं दूसरा ट्रक चालक गणपत सिंह 28 वर्ष ने सोनडोंगरी तिराहा के पास अपनी ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेबी 8065 का खड़ी कर आवागमन में बाधा पहुंचाया। जिससे पुलिस ने दोनों ट्रक चालकों के खिलाफ धारा 283 के तहत कार्रवाई की है।

युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। दामाद पारा सिलतरा में एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार दामाद पारा सिलतरा निवासी प्रार्थी राजू यादव 23 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी तरूण ध्रुव ने पूर्व विवाद पर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सट्टा खिलाते तीन युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के टिकरापारा व कोतवाली पुलिस ने सट्टा खिलाते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 2300 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने आरडीए कालोनी रावतपुरा में दबिश देकर सट्टा खिलाते आरोपी महेनद्र मिरी 51 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1700 रुपए जब्त किया है। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने गांधी नगर कालीबाड़ी मैदान के पास सट्टा खिलाते आरोपी श्याम तांडी 40 वर्ष और रिंगराज कुमार 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 600 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अवैध शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। खरोरा पुलिस ने ग्राम भैंसा में दबिश देकर अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 109 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भैंसा बस स्टेण्ड के पास एक युवक अवैध रूप से शराब रखा हुआ है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी हीरादास 34 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पास से 109 पाव देशी शराब जब्त किया है।

चाकू से युवक पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश।टिकरापारा पुलिस ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुरेश जगत उर्फ छोटू ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम सोनबैली नुआपाड़ा ओडिशा में रहता है तथा वर्तमान में संतोषी नगर ओवरब्रिज के नीचे रहकर रोजी मजदूरी का काम करता है। वह 25 दिसंबर को रात्रि करीबन 08.30 बजे प्रार्थी तथा उसके पिता संतोषी नगर ओवरब्रिज के नीचे बैठे थे, इसी दौरान उड़िया बस्ती शिव नगर निवासी आरोपी विक्की महानंद उर्फ विक्की जगत 21 वर्ष प्रार्थी के पास आकर उसके साथ अश्लील गाली गलौच करने लगा प्रार्थी द्वारा मना करने पर जान से मारने की धमकी देकर हत्या करने की नियत से अपने पास रखे नुकिली वस्तु से प्रार्थी के चेहरे व आंख के पास वार कर गंभीर चोट पहुंचा कर फरार हो गया।

कोरोना की तैयारियों को लेकर मॉकड्रिल

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कोविड की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय में आज कोरोना प्रबंधन (कोविड मैनेजमेंट) प्रोटोकॉल का मॉकड्रिल किया गया। शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप कोरोना प्रबंधन मॉकड्रिल के दौरान एक प्रतीकात्मक मरीज के माध्यम से चिकित्सकीय, नर्सिंग, पैरामेडिकल स्टॉफ के रैपिड रिस्पांस(त्वरित प्रतिक्रिया) को परखा गया। चिकित्सालय के विशेषीकृत कोरोना वार्ड में मॉकड्रिल के दौरान इस बात की सुनिश्चितता की गई कि यदि भविष्य में कोरोना का कोई संभावित प्रकरण आता है तो किस तत्परता से उसका उपचार किया जाएगा। इस दौरान सभी तरह के जीवन रक्षक उपकरणों का प्रतीकात्मक रूप से उपयोग करते हुए उनकी क्रियाशीलता की जांच की गई। स्वास्थ्य मंत्री श्री टी. एस. सिंहदेव ने ऑनलाइन जुड़कर मॉकड्रिल को देखा और तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया, अम्बेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस. बी. एस. नेताम, अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ. विनित जैन, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ एवं कोरोना के आईसीयू इंचार्ज डॉ. ओ. पी. सुंदरानी, रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. आर. के. पंडा, नेत्र रोग विभाग से डॉ. संतोष सिंह पटेल, जनरल सर्जरी से डॉ. संदीप चंद्राकर समेत चिकित्सालय के नर्सिंग स्टॉफ पैरामेडिकल स्टॉफ एवं तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद रहे।

अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस. बी. एस. नेताम ने कोरोना की तैयारियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना के संभावित प्रकरणों से निपटने के लिए अस्पताल में पर्याप्त व्यवस्था है। वर्तमान में चिकित्सालय में मेडिकल ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता है। ऑक्सीजन की उपलब्धता के लिए दो पीएसए ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट, एक क्रायोजेनिक टैंक के साथ ही साथ मैनिफोल्ड सिस्टम है। वर्तमान में 20 बेड का कोरोना आईसीयू तथा 12 बेड का ट्राइऐज वार्ड तैयार है। इसके अलावा ऑक्सीजन युक्त 60 बेड की व्यवस्था है। जरूरत पड़ने पर बेड को बढ़ाया जाएगा। दवाईयों, पीपीई किट तथा जांच किट की उपलब्धता है। फिलहाल चिकित्सालय में कोरोना के कोई केस नहीं है। शासन के निर्देशानुसार कोविड से निपटने के लिए चिकित्सालय स्तर पर पूरी तैयारियां कर ली गई हैं।

कोयले की मूल्य वृद्धि से वीसीए चार्ज में बढ़ोत्तरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा अधिसूचित बहुवर्षीय टैरिफ सिद्धांतों के अनुरूप विनियम 2021 की कंडिका-93 में निहित प्रावधानों के अनुपालन में वर्ष 2022-23 के तृतीय द्वैमासिक अवधि अर्थात् अगस्त और सितम्बर-2022 के दौरान वेरियेबल कॉस्ट एडजेस्टमेंट का निर्धारण किया गया है। अगस्त एवं सितम्बर 2022 के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी व्दारा क्रय की गई बिजली की लागत में विद्युत नियामक आयोग द्वारा अनुमोदित दर की तुलना में 549 करोड़ रुपए की सकल वृद्धि हुई है। इस वृद्धि के कारण दिसम्बर - 2022 एवं जनवरी 2023 के दौरान लागू वेरियेबल कॉस्ट एडजेस्टमेंट (वीसीए चार्ज) में 49 पैसे की वृद्धि हो रही है। पूर्व में यह दर 61 पैसे प्रति यूनिट थी, जो अब बढ़कर 1.10 रूपए प्रति यूनिट हो गई है। वीसीए की गणना प्रत्येक दो माह में की जाती है। माह अगस्त एवं सितम्बर 2022 के दौरान वीसीए के कारण डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को खरीदी गई बिजली पर विद्युत नियामक आयोग व्दारा अनुमोदित दर की तुलना में रूपये 549 करोड़ का ज्यादा भुगतान करना पड़ा है। इसमें प्रमुख हिस्सा एन.टी.पी.सी. का 459 करोड़ रूपये है जबकि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के बिल में नियामक आयोग व्दारा अनुमोदित दर की तुलना में लगभग 26.51 करोड़ रूपये की कमी आयी है।

उक्तावधि में विभिन्न स्त्रोतों से क्रय की गई बिजली की लागत नियामक आयोग द्वारा अनुमोदित दर की तुलना में वृद्धि हुई है, जो इस प्रकार है। एनटीपीसी 459 करोड़ रुपए, एनटीपीसी-सेल पॉवर कार्पोरेशन 5.74 करोड़, सीएसपीजीएल (नवीकरणीय स्त्रोत) 18.79 करोड़ तथा अन्य संयंत्र (बायोमास सौर, लघु जल, नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र आदि) से 92 करोड़ रुपए वीसीए राशि है। जबकि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी (तापीय स्त्रोत) के वीसीए में 26.51 करोड़ रुपए की कमी हुई है।

निष्ठा एवं मजबूत संकल्प के द्वारा भारत की नारीशक्ति एक नया इतिहास रचाएंगी : शेफाली पंड्या

रायपुर/नवप्रदेश। प्यार और सहकार से भरा पूरा राज्य हैं छत्तीसगढ़। यहाँ के नागरिकों में अटूट श्रद्धा, निष्ठा, समर्पण, त्याग एवं श्रम एवं अपनापन देखने को मिला। परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने छत्तीसगढ़ को अपना हृदय स्थल माना है। छत्तीसगढ़ गायत्री परिवार द्वारा रायपुर में नारी सशक्तिकरण चेतना शिविर का जो वृहत आयोजन किया गया है वह पूरे देश में मिसाल बनेगा और निरंतर जारी रहेगा। यह बातें जैन मानस भवन में उपस्थित हजारों की संख्या में माताओं और बहनों को संबोधित करते हुए शांतिकुंज हरिद्वार से पहुँची नारी जागरण अभियान के प्रभारी आदरणीय शेफाली पंड्या जी ने कही। नारी सशक्तिकरण चेतना शिविर आयोजन के दूसरे दिन इस शिविर में 5000 से अधिक महिलाएं शामिल हुए। दूसरे दिन ध्वजारोहण के साथ शेफाली दीदी ने गायत्री परिवार के प्रतीक मशाल को जलाकर उपस्थित नारियों को सौंपा एवं इस मशाल के माध्यम से विचार क्रांति एवं ज्ञान यज्ञ का विस्तार छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पूरे देश में करने को कहा।

इसी शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमई नायक ने कहा कि सामाजिक अपराध को रोकने के लिए महिला की भूमिका अग्रणी रहती है आज यदि नारी संस्कारवान होगी तो वह अपने परिवार एवं आने वाली पीढ़ी को भी संस्कारवान बना सकती हैं नारी को स्वावलंबी तथा शिक्षित होना भी आवश्यक है। और यह सभी कार्य गायत्री परिवार द्वारा किया जा रहा है जो सराहनीय है।

पंकज शर्मा व प्रमोद दुबे बनाए गए भाटापारा नगर पालिका के पर्यवेक्षक

रायपुर। नगर पालिका परिषद भाटापारा में अध्यक्ष पद के अविश्वास प्रस्ताव के लिये छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने रायपुर नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे व , जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पर्यवेक्षक द्वय को कहा गया है कि वे निर्धारित तिथि 28 दिसंबर को भाटापारा पहुंचकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पार्टी संगठन के निर्वाचित पार्षदों के साथ समन्वय स्थापित कर अविश्वास प्रस्ताव के विरूद्ध मतदान कराकर सफल बनाने की दिशा में समुचित कार्यवाही करें। वे भाटापारा जाकर सभी पक्षों को सुनेंगे और अपनी रणनीति तय कर पार्टी का परचम कायम रखते हुए पीसीसी को रिपोर्ट सौपेंगे।

कोविड-19 के लिए एम्स में मॉक ड्रिल, आक्सीजन सिलेंडर से लेकर वेंटीलेटर तक सब तैयार

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में कोविड-19 की तैयारियों को लेकर मंगलवार को मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान आक्सीजन की सप्लाई से लेकर वेंटीलेटर तक की उपलब्धता को परखा गया। एम्स में बड़ी संख्या में कोविड-19 के रोगियों को एडमिट करने के लिए तैयारी पूरी पाई गई।

निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने सबसे पहले पीएसए आक्सीजन प्लांट का दौरा किया। इस दौरान प्लांट से आक्सीजन की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। चिकित्सकों का कहना था कि प्लांट से सीधे आक्सीजन सप्लाई के साथ ही एम्स में आक्सीजन सिलेंडर भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। यह बड़ी संख्या में रोगियों को आक्सीजन की सप्लाई दे सकते हैं। इसके बाद टीम ने आयुष में वैक्सीनेशन सेंटर और स्क्रिनिंग एरिया का भी दौरा किया।

प्रो. नागरकर ने बताया पूर्व की भांति एम्स इस बार भी बड़ी संख्या में कोविड-19 रोगियों को एडमिट करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। आक्सीजन बैड के साथ ही आक्सीजन बैड, वेंटीलेटर और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। यदि कोविड की कोई नई लहर आती है तो एम्स इसका मुकाबला करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस अवसर पर उप-निदेशक (प्रशासन) अंशुमान गुप्ता, डॉ. अजॉय बेहरा और डॉ. अतुल जिंदल के साथ कोविड-19 के लिए विशेष रूप से तैनात किए गए चिकित्सकों और तकनीकी स्टॉफ ने भी मॉक ड्रिप में भाग लिया।

18.68 हजार से ज्यादा श्रमिकों की बेटियां लाभान्वित

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत श्रमिक परिवार की बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से तथा उन्हें शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार तथा उनके विवाह के लिये आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना के तहत पात्र श्रमिक परिवार की प्रथम दो बेटियों जिनकी उम्र न्यूनतम 18 वर्ष और 21 वर्ष से अधिक न हो तथा वह अविवाहित हो। इसके तहत 20-20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता एकमुश्त राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रदाय की जाती है। योजना के तहत प्रदेश में अब तक करीब 18 हजार 682 निर्माण श्रमिकों की बेटियों को 37 करोड़ 36 लाख 40 हजार से अधिक रूपए की राशि से लाभान्वित किया गया है। योजना की पात्रता के तहत श्रमिक का निर्माण श्रमिक के रूप में 1 वर्ष पूर्व पंजीयन होना चाहिए।

पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने सरकार पर साधा निशाना बोले- कांग्रेस से कार्यकर्ताओं का मोहभंग, छोड़ रहे पार्टी

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने छत्तीसगढ़ की सरकार पर निशाना साधा है। पूर्व मंत्री कश्यप ने कहा, बस्तर विधानसभा में सैकड़ों ग्रामीणों सहित कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने को क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल का प्रभाव बताते हुए कहा कि भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री बस्तर में जिस तरह से सक्रिय हैं, उसका सकारात्मक परिणाम भाजपा को मिल रहा है। इसकी तस्दीक यह है कि सैकड़ों ग्रामीणों के साथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बस्तर में भाजपा की नीतियों से सहमत होते हुए पार्टी में प्रवेश किया है। प्रदेश भाजपा महामंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ और आदिवासी अंचल के लोग यह भली-भांति समझ गए हैं कि 4 साल में कांग्रेस की सरकार ने आदिवासियों सहित सभी वर्गों के साथ धोखेबाजी के अतिरिक्त कुछ नहीं किया। राज्य प्रगति कर रहा था, सरकार ने छत्तीसगढ़ को रिवर्स गियर में डाल दिया। झूठ पर झूठ और जनता से दगाबाजी सरकार का मूल मंत्र है। तरह-तरह के लुभावने वादे करके छत्तीसगढ़ की सत्ता में काबिज हुई कांग्रेस ने एक भी वादा नहीं निभाया, यह कांग्रेस का पारंपरिक राष्ट्रीय चरित्र है, जिसे बस्तर सहित समूचे छत्तीसगढ़ की जनता भली-भांति समझ चुकी है। इसके संकेत साफ तौर पर मिल रहे हैं कि जब बस्तर का आदिवासी समाज कांग्रेस के कार्यकर्ताओं सहित सरकार की नीतियों के खिलाफ भाजपा के साथ खड़ा है तब यह सुनिश्चित है कि कांग्रेस के सरकार अगले कई दशकों के लिए राजनीतिक वनवास पर जाने वाली है।

महाराष्ट्र की संस्कृति देख दर्शक हुए अभिभूत, हाथों में रची मनभावन मेहंदी

रायपुर/नवप्रदेश। शहरवासियों में स्वदेशीपने की अमिट छाप छोड़ने के अपने ध्येय में सफल सात दिवसीय मेला का आज समापन हो जाएगा। मेला में जहां महाराष्ट्र की गरिमामयी लोककला, संस्कृति, मनमोहक नृत्य और व्यंजनों के लाजवाब स्वाद का बुधवार को लोगों ने जमकर चटखारा लगाया, वहीं दोपहर में मेहंदी प्रतियोगिता में हाथों में खूबसूरत सपनों को साकार करती हुई कलाकृतियों को बारीकी से उकेरकर वाहवाही बटोरी।

सीबीएमडी द्वारा साइंस कॉलेज मैदान में चलाए जा रहे स्वदेशी मेला में बीते कुछ दिनों से शहरवासियों अपनी देशी कला संस्कृति को नजदीक से देखने, जानने और अपनाने का अवसर मिला। एक ओर देश के 15 राज्यों से अधिक की लोककलाओं और उत्पादों को मंच प्रदान हुआ, वहीं विविध संस्कृतियों के रंग बिखेरने और सौहार्दता बढ़ाने के उद्देश्य के साथ सामाजिक सरसता के प्रतिदिन कार्यक्रम हुए। इसी कड़ी में बुधवार को दोपहर में दो वर्गों में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें प्रथम वर्ग में 10 से 17 वर्ष एवं द्वितीय वर्ग में 17 वर्ष से अधिक के लोगों ने भाग लिया। स्पर्धा के डेढ़ घंटे में 65 प्रतिभागियों ने छोटी सी हथेली को खूबसूरत आकारों से ऐसी बारीकी के साथ सजावट की कि देखने वाले हतप्रभ रह गए। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अनिता खंडेलवाल और निशा बागड़ी शामिल थीं।

एनीमिया मुक्त भारत के लिए देशभर के विशेषज्ञों ने किया मंथन

- छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व श्रीसत्यसाई संजीवनी अस्पताल ने किया

रायपुर/नवप्रदेश। एनीमिया मुक्त भारत अभियान के लिए राज्य स्तर पर विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम एनीमिया को नियंत्रित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य कार्यक्रम है। इसी कड़ी में दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व श्री सत्यसाई संजीवनी अस्पताल ने किया। कार्यशाला में संस्थान की ओर से महिलाओं एवं किशोरियों में रक्तअल्पता (खून की कमीं) के नियंत्रण के लिए किए जा रहे कार्यों को मुख्य रूप से प्रस्तुत किया गया।

साथ ही इस कार्य में आने वाली चुनौतियों एवं पहल को विस्तार पूर्वक बताया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की स्थिति को बखूबी दर्शाया गया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्थान की जनस्वास्थ्य विभागाध्यक्ष डॉ. श्रुति प्रभु ने बताया: "एनीमिया मुक्त भारत देश में एनीमिया को नियंत्रित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य कार्यक्रम है। इसमें समुदाय के 6 वर्गों के लिए 6 रणनीतियाँ शामिल हैं। एनएफएचएस-5 के आंकड़ों के अनुसार एनएफएचएस-4 के आंकड़ों की तुलना में बच्चों, किशोरों और गर्भवती महिलाओं में एनीमिया के प्रसार में वृद्धि हुई है। सरकार का देश भर में एनीमिया की पहचान और उपचार पर विशेष ध्यान है। इसे लेकर ही विगत दिनों एम्स दिल्ली में ष्ट2ढ्डक्त की थीम के साथ एक महत्वपूर्ण परामर्श बैठक सह कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लेकर राज्य स्तरीय स्थिति को दर्शाया।÷ उन्होंने आगे बताया: ÷प्रदेश स्तर पर एनीमिया मुक्ति के लिए विशेष रूप से सुपोषण अभियान चलाया जा रहा है। संस्थान की ओर से भी किशोरियों एवं महिलाओं में एनीमिया रक्तअल्पता (खून की कमीं) की समस्याओं के निदान पर विशेष जोर दिया जाता है। संस्थान की ओर से समय-समय पर महिलाओं और किशोरियों की रक्त जांच कर एनीमिया का पता लगाया जाता है। लगभग 3,000 महिलाओं एवं 28,000 से अधिक बच्चों की स्वास्थ्य जांच हुई है। संस्थान द्वारा जो भी महिलाएं या किशोरियां एनीमिक होती हैं या रक्तअल्पता (खून की कमीं) की शिकार होती हैं, उन्हें विशेष चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया जाता है।÷

छत्तीसगढ़ पुलिस केन्द्रीय कल्याण समिति एवं संयुक्त परामर्शदात्री परिषद् की बैठक संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस महानिदेशक अशोक जूनेजा की अध्यक्षता में आज छत्तीसगढ़ पुलिस केन्द्रीय कल्याण समिति एवं संयुक्त परामर्शदात्री परिषद् की बैठक पुलिस मुख्यालय नवा-रायपुर स्थित सभाकक्ष में संपन्न हुई। पुलिस महानिदेशक अशोक जूनेजा ने मुख्यालय के पुलिस अधिकारियों तथा प्रदेश के सभी पुलिस इकाइयों से आए समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस अपनी जिम्मेदारियों का सफलता पूर्वक निर्वहन कर रही है। प्रदेश की कानून व्यवस्था का विषय हो अथवा नक्सल अभियान तथा नक्सल प्रभवित क्षेत्रों में विकास कार्यो तथा निर्माण कार्या में निरंतर सहयोग कर रही है। श्री जुनेजा ने कहा कि राज्य शासन (गृह विभाग) पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याण के लिए सदैव गंभीर है। उन्होने कहा कि पुलिस कल्याण के लिए बहुंत से कार्यो के लिए स्थानीय इकाई प्रमुख स्वयं सक्षम है। पुलिस मुख्यालय स्तर पर हर संभव आर्थिक सहायता प्रदान की जावेगी। पुलिस महानिदेशक श्री जुनेजा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति पुलिस के पास अपनी समस्या लेकर आता है तो पुलिस अधिकारियों को अपने विनम्रता पूर्वक व्यवहार से हर संभव मदद करनी चाहिए ताकि वो संतुष्ट होकर जाये, परन्तु अपराधियों के प्रति कठोरतम कार्यवाही भी आवश्यक है जिससे अपराधियों के मन में भय बना रहे।

विस अध्यक्ष ने गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर वीरता और पराक्रम को नमन किया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सिखों के दसवें और अंतिम गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती पर उनकी वीरता और पराक्रम को नमन किया। डॉ महंत ने कहा कि, गुरु गोविंद सिंह ने 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। खालसा यानी खालिस (शुद्ध) जो मन, वचन एवं कर्म से शुद्ध हो और समाज के प्रति समर्पण का भाव रखता हो. इसके माध्यम से उन्होंने देश के विकास में राजनीतिक और सांस्कृतिक योगदान के लिए युवाओं को आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि, गुरु गोविंद सिंह संत होने के साथ ही एक योद्धा, कवि और दार्शनिक भी थे। उन्हें मात्र 9 वर्ष की उम्र में ही सिख पंथ के गुरु की मान्यता मिली। उनके पहले उनके पिता गुरु तेग बहादुर इस पंथ के गुरु थे। सिख पंथ की स्थापना गुरु नानक ने 15वीं सदी में की थी। गुरु गोविंद सिंह जी को त्याग और वीरता की मूर्ति भी माना जाता है। गुरु जी ने एक नारा दिया था।

हाथ से हाथ हाथ जोड़ो अभियान

बूथ सेक्टर व जोन की बैठक कर रणनीति करेगी तैयार

कांकेर/नवप्रदेश। 26 जनवरी 2023 से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाये जाने के संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी कांकेर ग्रामीण एवं कांकेर शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में आज विधायक निवास कांकेर में बैठक का आयोजन कर बूथ, सेक्टर तथा जोन के पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन कर अभियान को सफल बनाने के संबंध में रणनीति तैयार की। इस दौरान मुख्य रूप जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभद्रा सलाम तथा संसदीय सचिव एवं विधायक कांकेर शिशुपाल शोरी की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुआ जिसमें ब्लाक अध्यक्ष रोमनाथ जैन ने कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि देश की जनता का भारत जोड़ो अभियान में राहुल जी के प्रति जो विश्वास देखने को मिला है वह उस अभियान के सफलता का प्रमाण है इससे पूरे भारत वर्ष में कांग्रेस पार्टी को एक मजबूती मिली है और इस सफल अभियान को विस्तारित करते हुए हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाये जाने का अभियान संगठन के द्वारा निर्णय लिया गया है जो कि 26 जनवरी 2023 से प्रारंभ होगा इस दौरान यह अभियान आम जनता से सीधे संवाद का माध्यम बनेंगी। इस अभियान को सफल बनाने में मुख्य रूप से ब्लाक संगठनों का दायित्व प्रमुख रहेगा। जिसके लिए गांव-गांव प्रत्येक घर तक जाकर कांग्रेस के कार्यकर्ता जनसम्पर्क करेंगे और लगभग 02 महिने तक पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जिला स्तरीय पदाधिकारी नेतागण का अभियान में शामिल होंगे जिसमें कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रत्येक व्यक्ति से प्रत्यक्ष रूप से मुलाकात कर छत्तीसगढ कांग्रेस राज्य सरकार के उपलब्धि तथा मोदी सरकार के विफलता को जन-जन तक पहुचाने का प्रयास इस अभियान के माध्यम से किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रमुख संसदीय सचिव एवं विधायक शिशुपाल शोरी, जिलाध्यक्ष सुभद्रा सलाम, ब्लाक अध्यक्ष कांकेर ग्रामीण रोमनाथ जैन, ब्लाक अध्यक्ष कांकेर शहर मनोज जैन, गिरवर साहू पिछड़ा वर्ग सदस्य, शंकर पोटाई, नरसिंग तेता, रामकुमार वट्टी, मुन्ना कुलदीप, रामेश्वर सलाम, ईतवारूराम नेताम, राहुल सिंह ठाकुर, बसंत साहू, संजू भेड़िया, सै. एजाज अली, मन्नू उसेण्डी, उदय सिंह नेताम, विष्णु नेताम, लोमेन्द्र यादव, तारस सिन्हा, सुनील गोस्वामी, कमोद हिरवानी, राजकुमार विश्वकर्मा, मकबूल खान, याशीन कराणी, जितेन्द्र वैद्य, विनोद शोरी, सुश्री नीरा साहू, कमला गुप्ता, गोमती सलाम, पुष्पा सलाम, यास्मीन खान, राबिया फातिमा, मिलाप सिंह मण्डावी, तरेन्द्र भण्डारी, रमेश गावड़े, अमन गायकवाड़, कमलेश देवांगन, किशन साहू, इसहाक अहमद खान, राघवेन्द्र राजपूत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

उत्तम रिजल्ट के लिए कवायद

हमर लक्ष्य के तहत कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक

■ रेमेडियल क्लास और मेरिट में आने योग्य बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्ष लगाने डीईओ को निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट (बोर्ड) परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा लगातार शिक्षा विभाग के कार्यो की मॉनिटरिंग की जा रही है। उनके द्वारा आज जिला शिक्षा अधिकारी, राजीव गांधी शिक्षा मिशन के परियोजना समन्वयक एवं जिले के सभी बीईओ, बीआरसी की बैठक लेकर हमर लक्ष्य अभियान में प्रगति की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बोर्ड परीक्षा के अनुरूप तैयारी करने के लिए कम अच्छे बच्चों हेतु रेमेडियल क्लास और मेरिट में आने योग्य बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्ष लगाने हेतु शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया। विद्यार्थियों को जनवरी एवं फरवरी माह में अधिक से अधिक रिवीजन कराने के निर्देश भी दिये गये।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने छैमाही परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के ग्रेडिंग की समीक्षा किया तथा डी ग्रेड आने वाले स्कूलों एविं विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिये। अनुपस्थित विद्यार्थियों की स्कूलों में उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों के घरों में जाकर अनुपस्थिति के कारणों का पता लगाया जाये और विद्यार्थी को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया जाये एवं उनके पालकों को इसके लिए अनुरोध किया जावे। कलेक्टर ने ऐसे बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए 'अनुरोध अभियान' चलाने तथा बुधवार से ही इसकी शुरूआत करने के निर्देश दिये। अनुपस्थित बच्चों को स्कूलों में उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों एवं बिहान के महिला स्व-सहायता समूह का भी सहयोग लेने के लिए भी शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कक्षा 12वीं में गणित विषय लेकर पढ़ाई कर रहे सभी विद्यार्थियों से जेईई का फार्म भरवाने के निर्देश भी दिये हैं तथा फार्म भरने के पश्चात् उन्हें उचित मार्गदर्शन देने के लिए भी कहा है। जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन ने बताया कि जेईई का फार्म भरने की अंतिम तिथि 12 जनवरी निर्धारित की गई है तथा जिले में गणित विषय के सभी बच्चों को जेईई का फार्म भरवाया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर रिजल्ट के लिए स्कूलवार व विद्यार्थीवार कार्ययोजना बनाने तथा मॉडल प्रश्न बैंक तैयार करने के निर्देश भी जिला शिक्षा अधिकारी को दिये गये हैं। अर्धवार्षिक परीक्षा का रिजल्ट देखकर जिस विषय में ज्यादा विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए हैं, उस विषय की पढ़ाई एवं रिवीजन पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया गया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता पर भी चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन, राजीव गांधी शिक्षा मिशन के परियोजना समन्वय आर.पी. मिरे सहित सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी उपस्थित थे।

पैराडाइज स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं का एमबीबीएस में हुआ चयन

SHAHNAZ BANO
D/O MD IQBAL BHAI

ARMAN RAJAK
S/0 MR. DHIRAJ RAJAK

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज स्कूल के पूर्व छात्रों ने गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में चयनित होकर एवं इस स्कूल मे अध्ययन अध्यापन कर न केवल अपने स्कूल बल्कि अपने माता-पिता एवं कांकेर शहर का भी नाम रोशन किया है। विगत वर्षो मे पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में पढ़े छात्र-छात्राओं मे से शुभम् पाण्डेय पिता श्री शंकर पाण्डेय टिकरापारा जनकपुर वार्ड कांकेर एम.बी.बी.एस. कर जूनियर डॉक्टर बन गये है। शहनाज बानों पिता मो. इकबाल भाई सुभाष वार्ड कांकेर का चयन इस वर्ष एम.बी.बी.एस. के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज कांकेर तथा अरमान रजक पिता धीरज कुमार रजक सुभाष वार्ड कांकेर का भी चयन एम.बी.बी.एस. गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज कांकेर मे चयन हुआ है। इन छात्रों ने अपने अथक परिश्रम, अच्छे अध्ययन एवं विद्यालय के मार्गदर्शन में अपना बहुमूल्य कैरियर बना रहे हैं।।पैराडाइज स्कूल में पढ़े इन मेधावी छात्राओं को पैराडाइज स्कूल के सभी शिक्षकों, पालकों एवं परिवार के सदस्यों ने हृदय से शुभकामनाएं प्रदान करते हुए भविष्य में अपने पेशे से समाज के कल्याण तथा विकास मे मार्गदर्शन देते हुये समाज की सेवा करने का आशीर्वाद प्रदान किया है।

माकपा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सुराकछार बस्ती के भू-धसान प्रभावित किसानों के लिए मांगा मुआवजा

कोरबा/नवप्रदेश। एसईसीएल की सुराकछार-बलगी के कोयला खदानों में डि-पिल्लरिंग के कारण सुराकछार बस्ती में हुए भू-धसान से प्रभावित किसान को हुए खेती-किसानी के नुकसान का उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कोरबा जिला सचिव प्रशांत झा के नेतृत्व में किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कटघोरा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा तथा उन्हें भू-धसान से हुए नुकसान की जानकारी देते हुए प्रभावित किसानों को वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक तीन वर्षों में हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति दिलाने तथा प्रभावित भूमि का समतलीकरण कर खेती करने योग्य बनाने की मांग की है।

इससे पूर्व माकपा प्रतिनिधिमंडल ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया, जिसमें किसान नेता जवाहर सिंह कंवर, जय कौशिक, भू विस्थापित नेता रघु लाल यादव, दामोदर श्याम, रेशम यादव, प्रभावित किसान गणेश राम चौहान, महिपाल सिंह कंवर आदि शामिल थे। प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने के बाद माकपा प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन कटघोरा एसडीएम कौशल प्रसाद तेंदुलकर को सौंपा। ज्ञापन में माकपा ने कहा कि 2009 के बाद सैकड़ों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि भू-धसान के कारण पूरी तरह बर्बाद हो गई है। भूमि में दरारें इतनी गहरी है कि वह पूरी तरह तालाब, झील और खाई में तब्दील हो चुकी है। अब इस जमीन में किसानों के लिए किसी भी प्रकार का कृषि कार्य करना संभव नहीं है।

माकपा ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट रुप से मांग की है कि प्रभावित किसानों को तीन वर्षों के मुआवजा राशि का तत्काल भुगतान किया जाए तथा भू-धसान को बढ़ते दायरे को रोकने के लिए और प्रभावित किसानों की भूमि को कृषि योग्य बनाने के लिए भूमि का समतलीकरण किया जाए। माकपा नेता झा ने कहा है कि किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो पार्टी के नेतृत्व में एक बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा।

इस संबंध में कलेक्टर तथा एसईसीएल महाप्रबंधक को भी पत्र दिया गया है। इसके पूर्व भी माकपा ने सूराकछार बस्ती के प्रभावित किसानों की समस्याओं को लेकर लंबी लड़ाई लड़ी है। लगातार संघर्ष के कारण ही भू धसान प्रभावित किसानों को नौ वर्षों तक फसल क्षतिपूर्ति का मुआवजा मिला है।

सीतानदी, उदंती टाईगर रिजर्व के जंगल में हाथियों ने जमाया डेरा

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के अंतिम छोर बसे गांव सीतानदी ,उदंती टाईगर रिजर्व के जंगल में हाथियों का आतंक लगातार जारी है।2 महीने से डेरा जमा रुके हुए हैं वही घर के दीवाल को तहस-नहस कर दिया गया वहीँ बीते रात हाथियों ने एक बुजुर्ग को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया।उसके पैर टूट गया था घटना सीतानदी, उदंती अभ्यारण के रिसगाँव रेंज के सालहेभाट की है। लोगो को कहना कि मुताबिक खल्लारी निवासी बुधराम कावड़े के भांजे के आशियाने को हाथियों की दल ने बीते दिनों उजाड़ दिया था। जिसे देखने मृतक सालहेभाट पहुँचा था। जिसके बाद उनके भांजे ने उन्हें वापस खल्लारी चलने बोला पर वह नहीं माना। जिसके बाद उन्हें देर शाम लोगों ने ढूंढा पर वह कहीं नहीं मिला। वहीँ सुबह सालहेभाट से लगे जंगल में बुधराम कावड़े का शव पड़ा मिला। जिन्हें हाथियों ने कुचलकर मौत के घाट उतार दिया था।

वहीँ घटना की सूचना मिलते सीतानदी ,उदंती टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक सहित डीएफओ ,एसडीओ बीके लकड़ा सहित वन विभाग के अफसर। इस मामले में सीतानदी टाईगर रिजर्व अधिकारी ने बताया की घाटन देर रात 8 बजे की है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

जम्मू में मुठभेड़ ...सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दौरान ट्रक में छिपे हुए तीनों आतंकवादियों को मार गिराया। मौके से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद किये गये। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और संगठन का पता लगाया जा रहा है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले सिधरा पुल के पास एक ग्रेनेड भी फटा था।

बाइक और ट्रैक्टर ...दुर्घटना के बाद कुआकोंडा पुलिस के द्वारा मामला पंजीबद्ध कर ट्रैक्टर चालक गुड़िया ओयम को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों वाहनों को जब्त कर शवों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। दिसंबर के महीने में लगातार दुर्घटना के मामले सामने आ रहें है,दुर्घटना की मुख्य वजह तेज रफ्तार मुख्य वजह बन रही है।

26 जनवरी को 42 ...अथवा दंडादेश के निलम्बन, परिहार या लघुकरण की शक्ति राज्यपाल में निहित होती है।आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कुछ विशेष कैदियों को रिहा करने का उद्देश्य जेल में अनुशासन और सदाचरण सुनिश्चित करना तथा प्रोत्साहन के रूप में जेल से जल्दी रिहाई की संभावनाओं का अवसर प्रदान करना है। निश्चित ही इससे अपराधी जीवन का त्याग और देश के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रोत्साहन मिलेगा।

अनिल देशमुख को ...हालांकि, मंगलवार को इसके तीन दिन के और विस्तार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एनसीपी नेता अनिल देशमुख की जमानत बढ़ाने की मांग वाली याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया था और उनकी जमानत बरकरार रखी थी। इसके साथ ही 100 करोड़ रुपये की वसूली मामले में अनिल देशमुख के जेल से बाहर आने का रास्ता साफहो गया था। अनिल देशमुख नवंबर 2021 से जेल में थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें कथित धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने इस साल अप्रैल में भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था। देशमुख ने अपने खिलाफलगाए गए आरोपों से इनकार किया था। वह लंबे समय से मुंबई के आर्थर रोड जेल में न्यायिक हिरासत में थे। हाईकोर्ट ने उन्हें अक्तूबर में ईडी के मामले में जमानत दे दी थी।

न्यायालय तहसीलदार (नजूल) कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 20221214270009/
अ-20(1)/ 2021-22
मौजा शीतलापारा कांकेर तह. कांकेर

संशोधित उद्घोषणा

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री समारूराम सारथी, अध्यक्ष सूत सारथी समाज कांकेर के द्वारा शीतलापारा कांकेर स्थित नजूल भूमि शीट नं. 7 सी प्लाट नं. 01 क्षेत्रफल 3590 वर्गमीटर में से 1339.5 वर्गफीट रिक्त भूमि को सामुदायिक भवन बनाने हेतु भूमि स्वामी हक में व्यवस्थापन करने आवेदन पेश किया है। जिस पर शीतलापारा कांकेर स्थित नजूल भूमि शीट नं. 7 सी प्लाट नं. 01 क्षेत्रफल 3590 वर्गमीटर में से 1339.5 वर्गमीटर भूमि का पूर्व में अध्यक्ष सूत सारथी समाज कांकेर के द्वारा उद्घोषणा का प्रकाशन किाय गया था जिसमें लिपिकीय त्रुटिवश वर्गफुट के स्थान पर वर्गमीटर लेख किया गया था। वास्तविक भूमि शीट नं. 7 सी प्लाट नं 01 क्षेत्रफल 3590 वर्गमीटर में से 1339.5 वर्गफीट है को अध्यक्ष सूत सारथी समाज कांकेर के नाम पर व्यवस्थापन किया जाना है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आममुख्तियारनामे से दिनांक 10.01.2023 के पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
(नजूल) कांकेर

न्यायालय तहसीलदार (नजूल) कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 20221214270007/
अ-20(1)/ 2021-22
मौजा शीतलापारा कांकेर तह. कांकेर

संशोधित उद्घोषणा

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ईश्वरलाल वर्मा अध्यक्ष छ.ग. मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज ईकाई कांकेर द्वारा शीतलापारा कांकेर स्थित नजूल भूमि शीट नं. 7 सी प्लाट नं. 01 क्षेत्रफल 3590 वर्गमीटर में से 787.2 वर्गफीट रिक्त भूमि को सामुदायिक भवन बनाने हेतु भूमि स्वामी हक में व्यवस्थापन करने आवेदन पत्र पेश किया है। जिस पर शीतलापारा कांकेर स्थित नजूल भूमि शीट नं. 7 सी, प्लाट नं. 01 क्षेत्रफल 3590 वर्गमीटर में से 787.2 वर्गमीटर भूमि का पूर्व में छ.ग. मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज ईकाई कांकेर के नाम पर व्यवस्थापन किए जाने उद्घोषणा का प्रकाशन किया गया था जिसमें लिपिकीय त्रुटिवश वर्गफुट के स्थान पर वर्गमीटर लेख किया गया था। वास्तविक भूमि शीट नं. 7 सी प्लाट नं. 01 क्षेत्रफल 3590 वर्गमीटर में से 73.17 वर्गमीटर या 787.2 वर्गफीट है को छ.ग. मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज ईकाई कांकेर के नाम पर व्यवस्थापन किया जाना है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आममुख्तियारनामे से दिनांक 10.01.2023 के पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
(नजूल) कांकेर

कार्यालय लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, पण्डरिया, जिला- कबीरधाम (छ.ग.) Email : Lspsskm@gmail.com

// ई - निविदा सूचना // Contact No. 07987900070, 7869855731

निविदा सूचना क्रमांक 118502, 118503, 118613,118617 दिनांक- 28/12/2022

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पण्डरिया जिला - कबीरधाम (छ.ग.) में शक्कर, मोलासिस, प्रेसमड विकय एवं विभिन्न सामग्री क्रय करने हेतु ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मो / निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- रु. (1000/- रु. + 311/- रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जानी है :-

क्र.	विवरण	निविदा प्रपत्र विक्रय/जमा तिथि एवं समय	निविदा खोलने की तिथि एवं समय
1	ई-निविदा सूचना क्रमांक 118502 मोलासिस विक्रय हेतु (5,000 में. टन उत्पादन वर्ष 2022-23)	दिनांक 29/12/2022 से 09/01/2023 को समय दोपहर 12.00 बजे तक फार्म भर कर/अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 09/01/2023 समय दोपहर 12.30 बजे से
2	ई-निविदा सूचना कमांक 118503 शक्कर एस-30 विक्रय हेतु (65,000 क्विंटल उत्पादन वर्ष 2022-23)	दिनांक 29/12/2022 से 10/01/2023 को समय दोपहर 12.00 बजे तक फार्म भर कर/अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 10/01/2023 समय दोपहर 12.30 बजे से
3	ई-निविदा सूचना क्रमांक 118613 प्रेसमड विक्रय हेतु (5,000 में. टन उत्पादन वर्ष 2022 - 23)	दिनांक 29/12/2022 से 13/01/2023 को समय दोपहर 12.00 बजे तक फार्म भर कर/अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 13/01/2023 समय दोपहर 12.30 बजे से
4	ई-निविदा सूचना क्रमांक 118617 विभिन्न सामग्री क्रय करने हेतु (इंजीनियरिंग एवं मैन्युफैक्चरिंग सामग्री कय हेतु)	दिनांक 01/01/2023 से 16/01/2023 को समय दोपहर 12.00 बजे तक फार्म भर कर/ अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 16/01/2023 समय दोपहर 12.30 बजे से

निविदा की शर्तें व नियम निविदा प्रपत्र कारखाने के वेबसाइट WWW.Ispssk.co.in में भी अवलोकन कर सकते है ।

महाप्रबंधक

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला- मुंगेली (छ.ग.)

क्र. 1177/न.पा./रा.वि./ 2022-23 दिनांक 27/12/2022

नामांतरण हेतु ईश्तहार-सूचना

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत इस कार्यालय के मांग पंजी अनुसार भवन या भूमि नामांतरण हेतु निम्नांकित आवेदन पत्र प्राप्त हुये है :-

अतः सूची में दर्ज भूमि / भवन नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति/दावेदार अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक .... से ..... तक (15 दिवस) के भीतर अपना दावा आपत्ति नगर पालिका मुंगेली कार्यालय में प्रमाणित दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

क्र.	क्रेता का नाम	विक्रेता का नाम	स्थान/वार्ड	खसरा न.	रकबा
1	श्री भानू राम/श्री गतपत साहू	श्री मोहन साहू व अन्य	महाराणा प्रताप	546/15	1267 वर्गफीट
2	श्रीमती शारदा/श्रीधर सोनी	श्रीधर सोनी/स्व लीलाधर	पं. दीनदयाय	1122/26	1800 वर्ग फीट,
3	श्री राकेश/श्री शिवदुलारे	श्री गुरुवेन्द्र/भागवत साहू	जवाहर वार्ड	675/04	99 वर्गफुट
4	श्रीमती माया सिंह/श्री लखेश्वर राजपूत	श्री संतोष व अन्य	हीरालाल वार्ड	51/16	1200 वर्ग फीट
5	श्री राजकुमार/श्रीराम वाधवा	श्री असीमराज/श्री हेमराम	पं. दीनदयाल	नजूल शीट क्र. 46 बी भू.क्र. 118/119 क्षेत्रफल 303 व.मी	
6	कु. स्तुती सिंह/श्री हरेन्द्र सिह	श्री मनोज/ स्व. नारायण	शिवाजी वार्ड	142/133	900 वर्गफीट
7	श्रीमती उर्वशी/श्री जितेन्द्र कुमार	श्री संतोष शर्मा/श्री शिवाजी	शिवाजी वार्ड	146/7	930 वर्गफीट
8	श्रीमती अनिता/श्री टीकाराम भारद्वाज	श्री कुमांरू/श्री कलेश यादव	महाराणा प्रताप	589/20	2400 वर्गफीट
9	श्री टीकाराम भारद्वाज/श्री विजय कुमार भारद्वाज	श्री कुमांरू/श्री कलेश यादव	महाराणा प्रताप	589/25	2400 वर्गफीट

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

कार्यालय नगर पंचायत नवागढ़ जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

क्र./ 1073/न.पं./रा.वि./2022 नवागढ़, दिनांक 20/12/2022

// हक अंतरण (नामांतरण सूचना)//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आधार के / आवेदिकाओं में नगर पंचायत नवागढ़ क्षेत्र में स्थित अंचल संपत्ति का नामांतरण करने के लिए नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्थाओं इत्यादि को इस नामांतरण के संबंध में आपत्ति पर हित हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से सुसंगत प्रमाणित दस्तावेज सहित सम्पत्ति का विवरण देकर इस ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त के पश्चात प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेगी एवं सम्पत्ति संबंधित व्यक्तियों के नाम से परिवर्तन कर डिमांड पंजी दर्ज कर दिया जावेगा। सो सूचना

क्रमांक	वार्ड क्र.	आवेदक का नाम	पिता/पति का नाम	संपत्ति का विवरण
1	8	बिमला बाई	बंशी लाल	ख.नं. 1026/72
2	8	बिमला बाई	बंशी लाल	ख.नं. 1026/83
3	8	झूल बाई जांगड़े	चन्द्र कुमार	ख.नं. 1026
4	8	जयप्रकाश गायकबाड़	संतराम गायकवाड़	ख.नं. 1026/8
5	8	संतराबाई कुर्रे	जयकुमार कुर्रे	ख.नं. 1424/2
6	8	संतोषी कुर्रे	संजय कुर्रे	ख.नं. 1424/2
7	8	युवराज बंजारे	तुलसी बंजारे	ख.नं. 324/2
8	8	लक्ष्मीन बाई	केवल राम साहू	ख.नं. 1017
9	8	आकाश कुमार	मोहन लाल	ख.नं. 1026/16
10	9	अरूण कुमार	संतोष बंजारे	ख.नं. 1026/198
11	9	सुखनंदन यादव	श्याम लाल	ख.नं. 806
12	9	सुरेन्द्र कुमार टोन्ड्रे	श्यामचरण टोन्ड्रे	ख.नं. 806/7
13	10	नन्द कुमार	आभेराम सिन्हा	ख.नं. 1026/20
14	10	नेतराम सिन्हा	चिन्ता सिन्हा	ख.नं. 846/23
15	10	शैलेन्द्र	बल्लू गजभिये	ख.नं. 780/9
16	10	शशिकान्त	बल्लू गजभिये	ख.नं. 780/9
17	10	हेमकांत	बल्लू गजभिये	ख.नं. 780/9
18	10	शशिकान्त	बल्लू गजभिये	ख.नं. 780/9
19	10	अरविंद निर्मलकर	संतराम निर्मलकर	ख.नं. 2621/2
20	10	जयराम साहू	अनंद राम	ख.नं. 1026
21	10	संजू यादव	निकेश यादव	ख.नं. 1025
22	11	दुर्गेश कुमार	निरंजन शर्मा	ख.नं. 717/14
23	11	सुखीराम	रामजी श्रीवास	ख.नं. 724
24	11	शिव प्रसाद	रामजी श्रीवास	ख.नं. 725
25	11	डोमन सिंह	तारण सिंह	ख.नं. 778/19
26	11	रमेश सिन्हा	कलीराम सिन्हा	ख.नं. 711/2
27	11	परदेशी रजक	रामभगत रजक	ख.नं. 821
28	11	अर्जुन राम रजक	रामभगत रजक	ख.नं. 821
29	11	चन्द्रकिरण पाठक	शिवनारायण	ख.नं. 825/5
30	11	राजकुमारी निर्मलकर	मोतीराम निर्मलकर	ख.नं. 710
31	11	फेकई निषाद	ईतवारी निषाद	ख.नं. 677/68
32	11	मेनिका सोनी	रंजीत कुमार सोनी	ख.नं. 331/46
33	12	शिउली मंडल	सीता नाथ	ख.नं. 753/26
34	12	सीता नाथ	सत्यवान	ख.नं. 753/26
35	12	रामेश्वरी	परदेशी यादव	ख.नं. 812/1
36	12	सरिता रजक	अर्जुन रजक	ख.नं. 795/3
37	12	इन्द्रजीत	बसंत रजक	ख.नं. 807/1
38	12	गीता बाई	जगदीश	ख.नं. 2453/9
39	12	मोहन साहू	चैतराम साहू	ख.नं. 741/39
40	12	भागवत पाल	लालाराम पाल	ख.नं. 790/31
41	12	कुमारी बाई	लालाराम पाल	ख.नं. 790/31
42	12	बैसाखु दिवाकर	सुकालू दिवाकर	ख.नं. 741/40
43	12	अमर सिन्हा	पुनीतराम सिन्हा	ख.नं. 704/13
44	12	नवल कुमार	अर्जुन निषाद	ख.नं. 739
45	12	शशीकला श्रीवास्तव	त्रिवेणी नारायण	ख.नं. 742/13
46	12	धनेश्वर सिन्हा	सुकालू सिन्हा	ख.नं. 1093/91

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत नवागढ़

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

कानून व्यवस्था की समीक्षा

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रभात मलिक एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित कांबले ने संयुक्त रूप से आज अधिकारियों की बैठक में जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को संबंधित न्यायालय में चल रहे 107-16 के प्रकरणों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही के निर्देश दिये। इसी प्रकार सड़क दुर्घटना से उत्पन्न स्थिति व दुर्घटना रोकने हेतु पुलिस विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने निर्देशित किया गया। वहीं शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सावधानीपूर्वक करने निर्देशित किया गया। संबंधित क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों में तौल आदि पर भी विशेष नजरे रखने के निर्देश दिये गये। अधिकारियों ने संबंधित क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना से अवगत कराया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, सभी एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

राजस्व अधिकारियों के कार्यो की समीक्षा

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में निर्धारित बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि अविवादित नामांतरण के प्रकरण समय-सीमा के बाहर लंबित नहीं होना चाहिए। प्रत्येक पंचायतों में एक-एक नामांतरण प्रकरण दर्ज हो, राजस्व अधिकारी यह सुनिश्चित करें। विवादित नामांतरण के प्रकरण एक माह में पूर्ण करायें। अविवादित खाता विभाजन डायवर्सन के प्रकरण समय-सीमा के भीतर ही निपटाये। किसानों के स्वयं के द्वारा लगाये गये वृक्षों की कटाई से संबंधित प्रकरण लंबित न रखे। अनुविभाग में अब तक कितने आबादी पट्टा जारी हुए है, आगामी समीक्षा बैठक में अनुविभागवार प्रस्तुत किया जाए। अनुविभाग से संबंधित राजीव युवा मितान क्लब का बैंक खाता खुलवाना सुनिश्चित करें। साथ ही क्लब के लिए प्रत्येक माह दो कार्यक्रम सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि अनुविभाग में किसान किताब प्रविष्टि, डिजीटल सत्यापन, नक्शा अद्यतीकरण कार्यों में राजस्व अधिकारी प्रगति लाए। सभी एसडीएम संबंधित क्षेत्र के विकासखण्डवार विभिन्न समाजों के लिए सामाजिक भवन निर्माण हेतु जगह चिन्हांकित करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री मलिक ने बैठक में उपस्थित सभी जनपद सीईओ के वन अधिकार निरस्त पट्टे वाले हितग्राही को पट्टे निरस्त होने की सूचना सकारण देने के निर्देश दिये। साथ ही स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्र भवन और शासकीय गोदाम भवन निर्माण कार्यो में प्रगति लाने निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, सभी एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

बच्चों को बचपन में ही दे भक्ति करने की प्रेरणा : पंडित शास्त्री

नवागढ़/नवप्रदेश। मिश्रा पारा नवागढ़ में स्व बंशीलाल साहू की स्मृति में आयोजित श्रीमदभागवत कथा के चौथे दिवस में कथावाचक पंडित त्रिलोक

कृष्ण शास्त्री ने ध्रुव, जड़ भरत एवं प्रह्लाद चरित्र की कथा सुनाई। पंडित शास्त्री ने भक्त ध्रुव की कथा सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। बच्चों को बचपन में ही भक्ति करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्ची मिट्टी की तरह होता है। उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। जड़ भरत की कथा में कहा कि हमें कभी आशक्ति नहीं करना चाहिए। आशक्ति ही थी जिसके कारण भरतजी महाराज को हिरण का जन्म मिला। शास्त्री ने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। उन्होंने कहा कि भारत देव भूमि है। यहां किसी भी मानव का जन्म अपना कल्याण कर लेने यानी जन्म-मृत्यु के चक्कर से छुटकारा पाने के लिए होता है। लेकिन माया के वश में आकर हम सब अपना मूल कार्य को भूल कर संसारिक भोग-विलासा में फंस जाते हैं। जिसके कारण परेशानी होती है। कथावाचक ने कहा कि भागवत में प्रह्लाद व ध्रुव का चरित्र युवाओं को अपनाने के लिए एक अदभुत प्रकरण है। युवावस्था में ही अपना कल्याण का मार्ग पकड़ लेना चाहिए। उन्होंने भक्त ध्रुव और प्रहलाद की कथा सुनाते हुए कहा कि भक्त पर संकट आने पर भगवान भक्त की रक्षा करने के लिए दौड़े चले आते हैं। भक्त के प्रति भगवान का स्नेह अपार होता है भक्त पर ईश्वर की कृपा सदैव बनी रहती है। जब भक्त प्रहलाद पर पिता हिरण्यकश्यप ने प्रताड़ित किया तो भगवान ने धरती पर हिरण्यकश्यप के बढ़ते पाप, अत्याचार को मिटाने के लिए हिरण्यकश्यप का वध किया।

कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज अधिकारियों की बैठक में विभागवार समय-सीमा प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में श्रम विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं पर आधारित पावर पाइंट प्रजेंटेशन दी गई। कलेक्टर श्री मलिक ने विभागों को विशेषकर निर्माण कार्य एजेंसी विभाग, वन, महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग को श्रमिकों एवं विभागीय कर्मचारियों का श्रम विभाग में पंजीयन कराकर योजनाओं से लाभान्वित कराने निर्देशित किया। साथ ही पंजीयन लेप्स होने पर श्रम विभाग के माध्यम से नवीनीकरण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भगिनी प्रसूति योजना से जिले के सभी गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणा और निर्देशों पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

पोषण पुनर्वास केन्द्र से 2816 बच्चे सुपोषित होकर लौटे

■ राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में जिले के पोषण पुनर्वास केन्द्र को मिला प्रथम स्थान

गरियाबंद/ गरियाबंद। जिले में कुपोषित बच्चों की पहचान और तत्काल ईलाज के लिए जिला अस्पताल गरियाबंद में पोषण पुनर्वास केन्द्र की स्थापना किया गया है। जिले में पोषण पुनर्वास केन्द्र की स्थापना के उपरांत जिले में यह केन्द्र बच्चों के लिए वरदान और पूरे जिले में कुपोषित बच्चों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है। अभी तक 2816 बच्चे कुपोषण से बाहर निकलकर स्वस्थ और सुपोषित होकर अपने घर लौट गये हैं। हाल ही में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में जिला अस्पताल गरियाबंद के पोषण पुनर्वास केन्द्र को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। समीक्षा बैठक में पोषण पूर्नवास केन्द्र में किये जा रहे कार्यो अंतर्गत शिशु रोग विशेषज्ञ, पोषण विशेषज्ञ और महिला एवं बाल विकास के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग से आंगनवाड़ी केन्द्रो में निरन्तर बच्चों के वजन, उनके वृद्धि, विकास के प्रगति को रेखाकिंत कर कमजोर बच्चों का और कुपोषित बच्चों को स्वस्थ्य करने के निरंतर जिला अस्पताल गरियाबंद के पोषण पुर्नवास केन्द्र में भेजने की वजह से कार्यक्रम सफ्लतापूर्वक संपादित किया जा रहा है।

अब तक पोषण पुर्नवास केन्द्र में कार्यरत सुश्री अनीस अख्तर फीडिंग डिमोस्टेऽटर, श्रीमती लक्ष्मी यादव कुक, शिशुरोग विशेषज्ञ, स्टॉफ नर्स में श्रीमती डिगेश्वरी निषाद, सुश्री खिलेश्वरी ध्रुव एवं डॉ. राजेन्द्र बिनकर शिशुरोग विशेषज्ञ, के सहयोग से कुल 2816 बच्चों को भर्ती कर ईलाज कर स्वस्थ्य कर सकुशल घर भेजा गया। पोषण पुर्नवास केन्द्र के सफ्लतापूर्वक संचालन के लिए मानीनय कलेक्टर श्री प्रभात मलिक निर्देश पर आंगनवाड़ी केन्द्र में पंजीकृत होने वाले बच्चों को समय समय पर जांच के लिए भेजने का कार्य करने के लिए निर्देशत करने पर महिला एवं बाल विकास विभाग का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है।

राज्य स्तर की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य मंत्री जी छ.ग. शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा सचिव छ.ग. शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिला प्रशासन गरियाबंद तथा महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला अस्पताल गरियाबंद के पोषण पुर्नवास केन्द्र के कार्यो की प्रशंसा की गई है।

एनएसएस शिविर में लगा स्वास्थ्य मेला स्वयंसेवको ने किया श्रमदान

नवागढ़/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य मेला का आयोजन ग्राम कांवरा कापा में किया गया । स्वास्थ्य मेले में 10 स्वास्थ्य संबंधी स्टॉल लगाए गए थे। इसके अतिरिक्त शिविर में स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर गांव में सफाई भी की। साथ ही एनएसएस के लक्ष्य और अन्य गीतों की प्रस्तुति दी। स्वास्थ्य मेला में आंख की 22, कुष्ठ रोग की 11, टीबी की 8बीपी व शुगर की 68 ,स्किन इन्फेक्शन की 12, आरईएसपी की 4 , एएनसी की 5 लोगों का जांच किया गया । साथ ही 91 लोगों को दवाई वितरण किया गया। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी एमएम रजा , एडी शेख बीईटीओ ,सी के देवांगन बीपीएम के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य के अधिकारीगण ,ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, कुष्ठ चिकित्सा सहायक , नेत्र चिकित्सा सहायक और मितानिनों की टीम सहित कुल 21 स्वास्थ्य कर्मियों ने स्वास्थ्य मेला में विशेष सहयोग दिया। बीएमओ डॉ रजा ने बताया कि मेले के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य मेला में सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, आंख, कान एवं नाक, दंत चिकित्सा जांच, मलेरिया आदि की जांच की गई। परामर्श काउंटर पर परिवार नियोजन, पोषण, कैंसर, तंबाकू उपयोग के दुष्परिणाम बताए गए। प्राचार्य श्रीकांत शर्मा ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के साथ-साथ राष्ट्र सेवा के लिए जागरूक करना है। इस अवसर पर सुरेंद्र दीवान, संतोष देवांगन आदि उपस्थित रहे।

गरीब का पक्का मकान बने करके भूपेश सरकार को फूटी आँख नहीं सुहा रही : मुरलीधर सिन्हा

गरियाबंद/नवप्रदेश। विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी मण्डल गरियाबंद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की भूपेश सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के राज्यांश राशि रोक दिए जाने से मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम हर ग्राम पंचायतों में जनजागरण करके हस्ताक्षर अभियान जा रहें हैं जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत पारागांव में भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा जिला गरियाबंद के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला महामंत्री मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि वर्तमान राज्य की भूपेश बघेल के नेतृत्व कांग्रेस सरकार को गरीब का पक्का मकान बने करके फूटी आँख नहीं सुहा रही है। भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में 8 लाख प्रधानमंत्री आवास रोक दिया गया है जो अपूर्ण है, राज्य सरकार अपने राज्यांश की राशि 40 प्रतिशत नहीं दिए जाने के कारण गरीब हितग्राही अब मिलेगा तब मिलेगा करके बाट जोह रहे हैं, जिसे लेकर भाजपा पूरे छत्तीसगढ़ में हस्ताक्षर अभियान चला रहें हैं, हितग्राहियों से हस्ताक्षर लेकर आवेदन को भाजपा नेतृत्व छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया भूपेश बघेल जी को सौंपेगे और मांग करेंगे । राज्य सरकार को गरीब का पक्का मकान बने करके फूटी आँख नहीं सुहा रही है इसी तरह 16 लाख प्रधानमंत्री आवास मकान को राज्यांश की राशि देने में असमर्थता जताते हुए लौटा दी है । भाजपा नेताओं भूपेश बघेल की सरकार गरीब विरोधी सरकार बताया । भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, भाजयुमो पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश दासवानी ने भी सम्बोधित किये।

कार्यक्रम संचालन बूथ अध्यक्ष मोहन कुलदीप एवं आभार भाजपा मंडल महामंत्री धनजंय नेताम ने किया, इस अवसर में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आनंद ठाकुर, भाजयुमो महामंत्री राज डे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

नर्सिंग कॉलेज की कक्षाएं अब डीपीआरसी भवन में लगेंगी

नर्सिंग कॉलेज से जिला हॉस्पिटल तक मिलेगी प्रशिक्षणार्थियों को बस सुविधा

■ संसदीय सचिव व कलेक्टर की पहल पर प्रशिक्षणार्थियों की समस्याओं का निराकरण

महासमुंद/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर व कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर की पहल के बाद शासकीय नर्सिंग कॉलेज के प्रशिक्षणार्थियों की समस्याओं का निराकरण कर दिया गया। प्रशिक्षार्थियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही डीपीआरसी का भवन मुहैया कराया जाएगा।

वहीं नर्सिंग कॉलेज से जिला हॉस्पिटल तक आने-जाने के लिए बस की सुविधा मुहैया कराने सहमति बनी। बाद इसके प्रशिक्षणार्थियों का आंदोलन समाप्त हो गया।

गौरतलब है कि बीते दिनों से प्रशिक्षार्थी अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत थे। यह मामला संज्ञान में आने के बाद आज मंगलवार को संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर तथा कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर नर्सिंग कॉलेज पहुंचे और प्रशिक्षार्थियों से चर्चा की। प्रशिक्षणार्थियों ने नर्सिंग कॉलेज में कक्षाएं संचालित करने के लिए सुविधायुक्त भवन, बस व मूलभूत सुविधाओं की अपनी मांग बताई। जिस पर संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर और कलेक्टर क्षीरसागर ने यहां के डीपीआरसी के भवन में कक्षाएं लगाने की सहमति दी। वहीं नर्सिंग कॉलेज से जिला हॉस्पिटल आने-जाने के लिए एक बस की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने का भी आश्वासन दिया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, एसडीएम उमेश साहू, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता श्री चंद्राकर, आरईएस के एसडीओ सहित नर्सिंग कॉलेज के स्टाफ मौजूद रहे।

हल्बा समाज ने रिसाली में मनाया शक्ति पर्व

उतई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ हल्बा आदिवासी समाज'', भिलाई दुर्ग द्वारा सोमवार को ''शक्ति दिवस महोत्सव'' का आयोजन शक्ति भवन रिसाली में किया गया। कार्यक्रम में मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना के बाद समाज के अध्यक्ष मन्थीर खलेंद्र द्वारा सामाजिक ध्वजारोहण के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष मन्थीर खलेंद्र ने की। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र यादव, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, केंद्रीय महासभा के अध्यक्ष देवेंद्र माहला, भिलाई महापौर नीरज पाल, कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राधेश्याम नायक, बीएसपी के उपप्रबंधक सुश्री हिमानी ठाकुर, महिला प्रभाग की अध्यक्ष चन्द्रिका रावटे, पार्षद चंद्रभान ठाकुर, जमुना ठाकुर, सीमा साहू, सरिता पांडेय विशेष अतिथि थे। समाज के अध्यक्ष मंथिर खलेंद्र ने स्वागत भाषण में समाज की एकता और संगठन को बनाए रखना, रूढ़ी वादी परंपरा को संचित करके रखना, वर्तमान में युवा वर्ग में आत्महत्या दर में बढ़ोतरी को रोकना, समाज में अंतरजातीय विवाह को रोकना समाज के लिए बड़ा चुनौती है इस पर हमें सकारात्मक पहल करना है। उन्होंने भवन प्रांगण में डोम शेड निर्माण, सरकारी भूमि आबंटन की मांग रखी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने कहा कि आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ की संस्कृति की मूल संवाहक है। हल्बा समाज शिक्षित व संगठित समाज है।

बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित हुई संसदीय सचिव शकुंतला साहू, नवनिर्मित हाई स्कूल भवन का किया लोकार्पण

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत फुंडरडीह में सोमवार को बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में संसदीय सचिव और क्षेत्रीय विधायक सुश्री शकुन्तला साहू शामिल हुई। उन्होंने जैतखाम की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान संसदीय सचिव शकुंतला साहू ने माता सरस्वती की पूजा अर्चना व फीता काटकर शासकीय हाई स्कूल के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी सरकार का प्रमुख उद्देश्य है शिक्षा ही हमारा सबसे बड़ा हथियार है जिसके माध्यम से हम अपने जीवन को ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं भवन निर्माण से अध्ययनरत सभी बच्चों को जरूरी सुविधाएं मिलेंगी और मैं उम्मीद करता हूं कि इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे एक ना एक दिन कलेक्टर एसपी डॉक्टर इंजीनियर जरूर बनेंगे वह देश व समाज का नाम रोशन करेंगे। बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में संसदीय सचिव व कसडोल विधायक शकुन्तला साहू ने कहा कि संत गुरुघासीदास बाबा ने भेदभाव को दूर कर मनखे-मनखे एक समान का नारा दिया।

उनके द्वारा कहे गए आदर्श वाक्य मनखे मनखे एक समान को आत्मसात करने से ही मानव जीवन का कल्याण हो सकता है।उन्होंने कहा कि बाबा की आरती, महिमा को सुनने से ही मन प्रफुल्लित हो जाता है, जो अनेकता में एकता की संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि सभी मानवों को एक समान मानते हुए माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हमारी छत्तीसगढ़ सरकार बिना भेदभाव के सभी के हित मे काम कर रही है और बाबाजी के आदर्शों और नैतिकता के रास्ते पर चलते हुए प्रदेश सरकार में चार वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते ही सबसे पहले प्रदेश के अन्नदाताओं का ऋण माफ किया गया, अभी छत्तीसगढ़ में किसानों को धान की कीमत 2640 रु.पूरे देश में सबसे अधिक मिल रही है।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना से लेकर भूमिहीन कृषि मजदूरों के हित में सरकार ने योजनाएं चलाई है। सरकार की योजनओं से आमलोगों को सीधा आर्थिक लाभ हुआ है और छत्तीसगढ़ के लोगों में खुशहाली बढ़ी है।राज्य के किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गो आदि सभी वर्गो-समाजों के लिए योजनाओं के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित सभी वर्गों के लोगों को प्रदेश के विकास में भागीदार बनने की अपील की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लोकेश कनौजे अध्यक्ष छ.ग. रजक कल्याण बोर्ड प्रवीण धुरंधर जनपद सदस्य मेघनाथ यादव प्रभारी महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी संतोष साहू अध्यक्ष सहकारी सोसायटी साराडीह हेमलाल ध्रुव पूर्व सरपंच प्रतिनिधि साराडीह नरसिंह ध्रुव वरिष्ठ कांग्रेसी मुन्नालाल मारकंडेय उपसरपंच फुंडरडीह प्रभूदास बंजारे गणपत साहू अध्यक्ष साहू समाज दतान परीक्षेत्र मुन्नालाल राय हीरा सिंह बघेल झाडूराम बांधे राधेलाल बांधे गंगा दास राय छबिराम वर्मा मालिक राम पाल रूपराम नवरंगे अश्वनी बघेल बसंत सोनवानी राजेंद्र बघेल मन्नू राय , सतनामी समाज के नागरिकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

नगर पंचायत गुरुर अध्यक्ष कांग्रेस से हुई निलंबित पार्टी विरोधी गतिविधि के चलते हुई कार्रवाई

बालोद/नवप्रदेश। विगत कुछ महीने से कांग्रेस से चुनकर आई टिकेश्वरी साहू के द्वारा लगातार पार्टी विरोधी कार्यों के सक्रियता के चलते उन्हें कांग्रेस से निष्कासित यानी कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी से संगठन प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला द्वारा आदेश भी जारी कर दिया गया है। जिस तरह से लगातार टिकेश्वरी साहू द्वारा कांग्रेस और संगठन को गुरुर में दरकिनार कर कार्य किया जा रहा था उससे इस बात का पूरा अंदेशा था कि वह कांग्रेस में ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाएंगे और अंततः हुआ भी वही। निलंबन आदेश में स्पष्ट लिखा गया है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण उन पर यह कार्यवाही की जा रही है। आरोप है कि कांग्रेस समर्थन में नगर पंचायत का चुनाव जीतने के बाद भी उनका बीजेपी के लोगों यानी उनके पार्षदों से मेलजोल ज्यादा था। वे लगातार कांग्रेस पार्षदों की अवहेलना और अपनी मनमानी कर रही थी। कुछ कांग्रेस पार्षदों के साथ अभद्रता किए जाने का मामला भी सामने आ चुका है। हद तो तब हुई थी जब उन्होंने कांग्रेस के पार्षदों की उपेक्षा कर बीजेपी के पार्षदों को पीआईसी मेंबर बनाया था। इस बीच पार्टी के वरिष्ठ लोगों ने उन्हें काफी समझाया लेकिन वह सभी की समझाइश को नजर अंदाज करती रही । अपने अड़ियल रवैय्ये में अड़ी रही। संगठन ने बार बार समझाया। लेकिन उनकी अनुशासन

हीनता बढ़ते जा रही थी । उन्हें नोटिस तक जारी किया गया था। लेकिन संतोषजनक जवाब नही आया, ना स्वयं मौजूद होकर जवाब दी। संगठन के लोगों को महत्व नहीं देती थी । बार-बार समझाने के बाद भी बात नही मानने पर गुरुर ब्लॉक कांग्रेस ने निष्कासन के लिए अनुसंशा पत्र प्रदेश कांग्रेस को भेजा गया था। जिसे स्वीकार कर लिया गया। और अब आदेश जारी हो गया।

विधायक के कुशल रणनीति में जीती थी चुनाव

खास बात ये है कि नगर पंचायत में बीजेपी के आठ और कांग्रेस से सात पार्षद थे। इस कांटे की टक्कर के बावजूद विधायक संगीता सिन्हा के कुशल रणनीति के चलते वह अध्यक्ष बनने में कामयाब हुई थी। चुनाव जीतने के बाद टिकेश्वरी का कांग्रेस के प्रति नजरिया बदलने लगा और वह अपने लोगों से दूर होकर विरोधी पार्टी के पार्षदों को महत्व देने लगी थी। जिसकी शिकायत लगातार प्राप्त हो रही थी। उसके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव तक आ चुका था। हालांकि कोर्ट कचहरी के जरिए स्टे लाने में भी कामयाब हुई थी। गुरुर नगर पंचायत अक्सर राजनीति का अखाड़ा बना हुआ था। अब कांग्रेस से टिकेश्वरी के निष्कासन के बाद गुरुर की राजनीति में नया मोड़ क्या आएगा यह देखने वाली बात होगी।

क्या बोले ब्लॉक अध्यक्ष

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने कहा पार्टी विरोधी गतिविधियों में टिकेश्वरी की शिकायत लगातार थी। संगठन ने उचित कार्रवाई करते हुए समझाइश दिया था पर उनका रवैय्या अड़ियल रहा। संगठन को कुछ नही समझी। इसलिए कार्रवाई की गई।

जनचौपाल में मिले 31 आवेदन

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला कार्यालय गरियाबंद में प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को आयोजित जनचौपाल में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आये 31 लोगों ने अपनी समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर ही आवेदकों की समस्या संबंधी आवेदन को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण हेतु आवेदन सौंपे। साथ ही आवेदकों को उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। जनचौपाल में ग्राम पण्डरीपानी के तामेश्वर पटेल ने वन अधिकार पट्टा प्रदान करने, ग्राम चिचिया की तुलसी बाई ने अनुकम्पा नियुक्ति प्रदाय, ग्राम पोंड की अनुसुईया बाई ने पशु शेड निर्माण कार्य स्वीकृत करने जनचौपाल में दिया गया आवेदन समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

भेंट-मुलाकात : मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमारी सरकार का उद्देश्य आम आदमी के आय में वृद्धि करना है

बेमेतरा/प्रमोद गुप्ता/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमारी सरकार का उद्देश्य आम आदमी के आय में वृद्धि करना है। गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना से आम लोगों को लाभ हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को धान का मूल्य सबसे ज्यादा दे रही है। वादा 25 सौ का था लेकिन हम किसानों को 2640 और 2660 रुपए प्रति क्विंटल दे रहे हैं। हमने किसानों की सुविधा के लिए धान खरीदी को आसान बनाया। ऑनलाइन टोकन की व्यवस्था की। सभी वर्गों के हित में कार्यों को ध्यान दिया जा रहा है।

सांकरा की भुनेश्वरी ने बताया कि वर्मी खाद बना रहे हैं, 5 लाख 38 हजार का वर्मी बेच चुके हैं

सांकरा की भुनेश्वरी ने बताया कि वर्मी खाद बना रहे हैं। 5 लाख 38 हजार का वर्मी बेच चुके हैं। समूह के सभी सदस्यों की अच्छी आमदनी हो रही है। भुनेश्वरी ने बताया कि सेकेंडहैंड कार ली है, जिसमें आधा पैसा मैंने और आधा मेरे पति ने लगाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब दोनों ही साझेदारी से परिवार की खुशियां जुटा रहे हैं।

मोतीलाल मार्कण्डेय ने बताया कि मैंने एक लाख 60 हजार का कर्ज लिया, कर्जमाफी में सब माफहो गया

मोतीलाल मार्कण्डेय ने बताया कि मैंने एक लाख 60 हजार का कर्ज लिया, कर्जमाफी में सब माफ हो गया। मुख्यमंत्री ने पूछा- मैडम मार्कण्डेय के लिए क्या लिए, इस पर मोतीलाल ने बताया- मोटरसाइकिल। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ससुराल जाने में अब दिक्कत नहीं हो रही होगी।

संतोषी पुरैना ने बताया कि उनका राशन कार्ड बना है, चांवल, नमक और शक्कर प्रति माह मिलता है

बेमेतरा विधानसभा, ग्राम-कठिया (रांका) संतोषी पुरैना ने बताया कि उनका राशन कार्ड बना है। चांवल, नमक और शक्कर प्रति माह मिलता है। उन्होंने बताया कि मिट्टी तेल और गैस सिलेंडर बहुत महंगा है, कहा कि दर कम होनी चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें केंद्र द्वारा इसका मूल्य तय करने की बात कही।

किसान खेदूराम ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी 25 एकड़ जमीन है

किसान खेदूराम ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी 25 एकड़ जमीन है। धान बेचने का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि वे राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथे किश्त का इंतजार कर रहे हैं। किसान खेदू राम ने बताया कि वह जैविक खेती करते हैं, इसके लिए घर की बाड़ी में ही जैविक खाद बनाते हैं। उनका सपना जैविक फसल को विदेश में बेचने का है।

किसान देरहा राम, ग्राम चेटवा निवासी ने बताया कि किसान कल्याण के लिए बनाई सभी योजनाएं अच्छी हैं

किसान देरहा राम, ग्राम चेटवा निवासी ने बताया कि किसान कल्याण के लिए बनाई सभी योजनाएं अच्छी हैं। मेरे पास 2.50 एकड़ की जमीन है, इस पर लिया हुआ कर्ज माफहो गया है।

नगरपालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता ने जीता विश्वास मत

भाटापारा/नवप्रदेश। नगरपालिका की कांग्रेस पार्टी की अध्यक्षा सुनीता गुप्ता के विरूद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव आज 19 के मुकाबले 12 मतों से ध्वस्त हो गया और उन्होने विश्वास मत हासिल कर जीत का परचम लहराया । इस बीच कुल कांग्रेस पार्षदों की संख्या से कम मत मिलने पर जिला कांग्रेस कमेटी ने दो सदस्यो की जांच टीम का गठन किया है,जो जांच कर अपनी रिपोर्ट पार्टी को सौपेगी। कांग्रेस पार्टी की नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता ने अपने पक्ष मे 12 मत प्राप्त कर आवश्यकता से एक मत ज्यादा मिला और वे अपनी जीत दर्ज कर ली ।ज्ञात हो कि पूर्व में अपने निर्वाचन में उन्हें 17 मत हासिल हुए थे और वे अध्यक्ष बनी थी वहीं अविश्वास प्रस्ताव के दौरान उन्हे पहले से पांच मत कम मिले है। भाजपा पार्षदो द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनो पार्टी के लोग अपनी अपनी जोर आजमाईश में लगे हुए थे, कांग्रेस की ओर से खनिज निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा, पूर्व महापौर रायपुर व लोक सभा प्रत्याशी प्रमोद दुबे,कृषि उपज मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा, सुनील माहेश्वरी ,सुनील गुप्ता ने मोर्चा संभाला और अध्यक्ष को बचाने पार्षदो को साधने मे लगे रहे और अंततः उन्हे सफलता मिली और कांग्रेस अध्यक्ष अपनी सीट बचाने मे कामयाब रही ।वर्तमान मे न.पा. मे पार्षदो की स्थिति जिसमे 16 कांग्रेस एवं 15 भाजपा के पार्षद है ।कांग्रेस पर्वेक्षक के रूप मे पहुंचे प्रमोद दुबे, व पंकज शर्मा ने कहा अविश्वास प्रस्ताव मे मतदान के दौरान कांग्रेस को जितना मत मिलना था नही मिला है ऐसे पार्टी विरोधी कार्य करने वाले पार्षदो पर पार्टी सख्त कार्यवाही करेगी वहीं दूसरी कांग्रेस अध्यक्ष की जीत के बाद कांग्रेस भवन मे जश्न का माहौल रहा जमकर आतिशबाजी व मिठाईयां बांटी गई ।

जांच टीम गठित

कांग्रेस के पक्ष में कम मतदान होने पर जिला कांग्रेस कमेटी ने सुरेंद्र शर्मा और जुगल भट्टर को जांच टीम में शामिल करते हुए उन्हें जांच प्रतिवेदन देने को कहा है।जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा की जांच टीम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

दिवालिया कैरियर किलर सरकार ने फंसाया आरक्षण का पेंच : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने आरक्षण विधेयक पर एकात्म परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि छत्तीसगढ़ की दिवालिया सरकार युवाओं की कैरियर किलर सरकार है। इस सरकार के पास युवाओं को नौकरी देने पैसे नहीं हैं, इसलिये आरक्षण का पेंच फंसा दिया है। पूरा प्रदेश अभी आरक्षण की आग में जल रहा है और इसके लिए सरकार जिम्मेदार हैं। अनुसूचित जनजाति आदिवासी वर्ग का 32 प्रतिशत आरक्षण समाप्त करने के लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है। वर्ष 2012 से आदिवासी समाज को 32 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा था। 19 सितंबर 2022 को आरक्षण 20 प्रतिशत हो गया। 4 साल से कांग्रेस की सरकार है। हाईकोर्ट में 32 प्रतिशत आरक्षण बचाने कुछ नहीं किया। कई बार तो कोर्ट में एडवोकेट जनरल खड़े तक नहीं हुए। जब इनके अधिकारियों का मामला होता है तो करोड़ो रुपये देकर बड़े वकील लगाते हैं। 19 सितम्बर को आरक्षण कम हुआ। 2 दिसंबर को यानी 70 दिन बाद विधेयक लाये। इन्होंने 58 प्रतिशत आरक्षण का बचाव नहीं किया। न अध्यादेश लाये और न सुप्रीम कोर्ट से स्थगन लिया। यह सरकार सभी वर्गों के साथ धोखा कर रही है।

खरीदी के खेल में कमीशन फिक्स डीईओ की भूमिका की जांच हो

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग के हर सामान की खरीदी में कमीशनखोरी हो रही है, जो भी जिला शिक्षा अधिकारी ने पदभार ग्रहण किया, उस ने जमकर धांधली कर पैसे कमाने में कोई कमी नहीं किया। विगत दो वर्षो में फर्नीचर घोटाला, खेल गढ़िया घोटाला, दो बार बर्तन घोटाला और पदोन्नति घोटाले ने तो पूरे विभाग को कड़घरे में खड़ा कर दिया है, क्योंकि स्वयं मुख्यमंत्री भेंट-मुलाकात दौरे के दौरान डोंगरगढ़ रेस्ट हाऊस में पदोन्नति में हुए धांधली की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी ने जवाब दे दिया कि नियमानुसार पदोन्नति किया गया है और कोई जांच नहीं कराया गया।